तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 28 जुलाई 2026



सोमवार की दोपहर हुई झमाझम बारिश में स्कूल जाते बच्चे।



## खबर संक्षेप

### अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती आज आएंगे



**बिलासपुर।** जगदगुरू शंकराचार्य महाराज स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद : सरस्वती 1008 महाराज का गुरू पूर्णिमा के शुभ अवसर पर 28 जुलाई को बिलासपुर आगमन हो रहा है। महाराज श्री 28 जुलाई को शाम 7 बजे सड़क मार्ग द्वारा बनारस से शहर आगमन हो रहा है। इस दौरान उनका प्रवास बुधवार 29 जुलाई तक रायपुर रोड एलसीआईटी कालेज के आगे चिचिरदा रोड निवासी हरीश कुमार शाह के निवास कुंज कुटीर में होगा। तत्पश्चात शंकराचार्य बुधवार 29 जुलाई को सुबह 8 बजे सड़क मार्ग से चातुर्मास व्रत अनुष्ठान महोत्सव के लिए सलधा जिला बेमेतरा के लिए प्रस्थान करेंगे। यह जानकारी गिरीश कुमार शाह ने दी।

### मंगला में गुरू पूर्णिमा महोत्सव कल

**बिलासपुर।** सत्यम ओम योग विद्यालय मंगला में 29 जुलाई बुधवार को सुबह 8.30 बजे से 11 बजे तक गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें श्री गुरू पादुका पूजन, भजन कीर्तन, हवन, सत्यम चालीसा, गुरू मंत्रोपचार एवं महाप्रसाद भोजन का वितरण किया जाएगा।

### सेवा सेतु में सात दिनों के भीतर बना प्रमाण पत्र

**बिलासपुर।** सरकारी प्रमाण पत्रों और सेवाओं के लिए उपयोग होने वाले सेवा सेतु पोर्टल का फायदा आम लोगों को मिलने लगा है। महज 7 दिनों के भीतर प्रमाण पत्र उपलब्ध हो रहे है। जिससे शासकीय निकायों की विश्वसनीयता और दस्तावेजों की प्रमाणिकता सिद्ध हो रही है। बताया जा रहा है कि जरहभाठा निवासी आर्दश पवॉर पेशे से वकील है उन्होंने 6 जुलाई को पत्नि अल्का पवॉर के आय व निवास प्रमाण पत्र के लिए तहसील कार्यालय स्थित सेवा सेतु कार्यालय में आवेदन किया। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन की गई थी, और महज 6 दिनों के अंदर ही उन्हें 12 जुलाई को आय व निवास प्रमाण पत्र सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हो चुका है। इस बारे में ईडीएम अफताब अहमद ने बताया कि सेवा सेतु पोर्टल लोगों की जरूरतों को ध्यान में रख कर बनाया गया है, जिसमें पूर्व के पोर्टल के अलावा नवीन 230 से अधिक सेवाओं को जोड़ा गया है। वर्तमान में 30 सरकारी विभाग और 455 सेवाओं के साथ पोर्टल कार्यरत है, जिससे फायदा आम जनों को हो रहा है।

### श्रावणी स्पेशल ट्रेन में कन्फर्म सीटें उपलब्ध

**बिलासपुर।** सावन माह में बाबा बैद्यनाथ धाम (बाबाधाम) के दर्शन के लिए जाने वाले शिवभक्तों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा गाड़ी संख्या 08895/08896 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी–मधुपुर–नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी श्रावणी मेला साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। यह विशेष ट्रेन 1 अगस्त से 30 अगस्त तक कुल 5-5 फेरों के लिए चलेगी। यह स्पेशल ट्रेन उन श्रद्धालुओं के लिए विशेष रूप से लाभदायक है जो सावन के पावन अवसर पर बाबा बैद्यनाथ धाम (देवघर) के दर्शन के लिए जाना चाहते हैं। वर्तमान में इस ट्रेन में बड़ी संख्या में कन्फर्म बर्थ उपलब्ध हैं। इस ट्रेन का ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी, गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनांदगाँव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, बेलपहाड़ एवं ब्रजराजनगर स्टेशनों पर होने से इन क्षेत्रों के श्रद्धालुओं को सीधे एवं सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलेगा।

# शहर के 65 हजार घरों में निगम पहुंचा रहा ‘उधार’ का पानी

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम के द्वारा शहर के 65 हजार घरों में खूंटाघाट बांध से पानी लाकर निस्तारी के लिए सप्लाई की जा रही है। अप्रैल 2025 से प्रारंभ की गई इस व्यवस्था के अंतर्गत पानी के बिल की राशि दो करोड़ रूपए से भी अधिक पहुंच चुकी है। सिंचाई विभाग द्वारा बिलिंग हर महीने की जा रही है, लेकिन नगर निगम के द्वारा किसी भी तरह का भुगतान नहीं किया गया है। फिलहाल यह माना जा सकता है कि शहरवासी ‘उधार’ का पानी इस्तेमाल कर रहे हैं।

■ चौदह महीनों में एक बार भी नहीं किया बिल का भुगतान

शहर वासियों के घरों में पाईप लाईन के जरिए नगर निगम के द्वारा निस्तारी के लिए पहुंचाया जाने वाला पानी काफी लंबा सफर तय करके आता है। नगर निगम प्रशासन द्वारा एक अनुबंध के तहत खारंग जलाशय खूंटाघाट से सिंचाई विभाग से पानी खरीदकर शहर में सप्लाई कर रहा है। शहर के लिए नगर निगम की यह व्यवस्था अप्रैल 2025 से प्रारंभ हुई थी, जिसके एवज में मई 2025 में पहला बिल जारी किया गया था।

बिल की कुल राशि 2 करोड़ 97 हजार 173 रूपए पहुंच चुकी है। सिंचाई विभाग की ओर से तब से अब तक पानी के 14 बिल नगर निगम को भेजे जा चुके हैं, लेकिन भुगतान फिलहाल अप्राप्त है। इस संबंध में नगर निगम जल विभाग के ईई अनुपम तिवारी ने बताया कि खारंग जलाशय से निस्तारी के लिए शहर में लाया जाने वाला पानी पूरे पुराने बिलासपुर क्षेत्र में सप्लाई किया जाता है। एक अनुमानित संख्या की बात की जाए तो शहर के 65 हजार से भी अधिक घरों में खारंग का पानी ही इस्तेमाल किया जा रहा है।

**खूंटाघाट से पानी लाकर शहर में सप्लाई कर रहा नगर निगम**



**हर माह भेजा जाता है बिल**

खारंग जलाशय से शहर को पानी देने के एवज में नगर निगम को हर माह जलकर के रूप में मासिक बिल भेज दिया जाता है। भुगतान फिलहाल अभी अप्राप्त है।

- **एमके चंद्रा,** ईई खारंग जलसंसाधन संभाग

### मामला जनहित से जुड़ा

नगर निगम नगरीय निकाय विभाग के अंतर्गत सरकार का एक अंग है, जो सिंचाई विभाग से अनुबंध कर खूंटाघाट से शहर की निस्तारी के लिए पानी प्राप्त करता है। चूंकि नगर निगम के द्वारा खूंटाघाट बांध के पानी से कोई व्यवसाय कर लाभ अर्जित नहीं किया जा रहा है, बल्कि मामला शहर में निवास करने वाले आम जनों की निस्तारी व पेयजल से संबंधित है। यही कारण है कि दोनों ही शासकीय विभागों के बीच शासन के हस्तक्षेप से आपसी सामंजस्य बना हुआ है, और बिलिंग व भुगतान को लेकर फिलहाल कोई खींचतान नहीं हो रही है।

### नगर निगम को ही नहीं मिल पा रहा भुगतान

नगर निगम के द्वारा कहने को तो शहर के भीतर निवासरत 65 हजार घरों में नल कनेक्शन दिए गए हैं, लेकिन इनमें से ज्यादातर घरों से बिल के रूप में किसी भी प्रकार का भुगतान प्राप्त ही नहीं हो पाता। शहर में पेयजल के बदले दो तरह का शुल्क देय है। एपीएल के लिए 2 सौ रूपए मासिक, तो बीपीएल के लिए केवल 60 रूपए प्रतिमाह की दर तय की गई है। हालत यह है कि इस न्यूनतम राशि के लिए भी नगर निगम के अमले को वसूली के लिए चक्कर लगाना पड़ता है।

## बिलासपुर समेत 5 जिलों में रेड अलर्ट जोन, भारी बारिश की चेतावनी

# मोबाइल में मिला अलर्ट, घंटे भर झमाझम बारिश, कई इलाके में फिर से जल भराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मौसम विभाग ने जिले के लिए रेड अलर्ट जारी कर दिया है। सोमवार की शाम अचानक लोगों के मोबाइल बजने लगे और स्क्रीन पर तेज बारिश की चेतावनी मिली, जिसके बाद लोगों में बारिश को लेकर सतर्कता देखी गई, हर कोई अपने गंतव्य तक पहुंचने की जुगत लगाता रहा, लेकिन आधे घंटे के भीतर झमाझम बारिश ने लोगों को संभलने का मौका नहीं दिया, आसमान पर घड़घड़ाहट होते रही और बिजली चमकने के साथ ही घंटे भर तक एक रफ्तार में बारिश होती रही। इससे शहर पूरी तरह से भीग गया और कई इलाकों में जलभराव की स्थिति रही।


■ बंगाल की खाड़ी में सिस्टम मजबूत

अलर्ट के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बना मजबूत सिस्टम जिले सहित संभाग में बारिश की रफ्तार बढ़ाने वाला है। खाड़ी में बना अवदाब अगले 24 घंटे में और मजबूत होकर गहरे अवदाब में बदल सकता है। इसके प्रभाव से अगले चार दिनों तक मानसून सक्रिय रहेगा। इस दौरान रुक-रुककर हल्की से मध्यम बारिश के साथ ही कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है।




### पेंड्रा में रहा अजीब संयोग

रविवार को मौसम का एक अनोखा संयोग दिखा। पेंड्रारोड प्रदेश का सबसे गर्म स्टेशन भी रहा और सबसे ठंडा भी। पेंड्रारोड का अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे अधिक रहा, वहीं न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो अन्य जिलों में सबसे कम था। मौसम वैज्ञानिक बीआर चिंधालोरे के अनुसार पेंड्रारोड की भौगोलिक बनावट और मानसूनी परिस्थितियां के कारण ऐसा हो रहा है। दरअसल, पेंड्रारोड मैकल पर्वत श्रृंखला के निकट अधिक ऊंचाई पर है और आसपास घने जंगल हैं। बारिश थमने व बादल छंटने के बाद तेज धूप से तापमान तेजी से बढ़ता है।



### इन जगहों पर रही जल भराव

1 घंटे तक एक रफ्तार में हुई बारिश के बाद विद्या नगर, विनोबा नगर, सिटी कोतवाली, सरजू बगीचा, पुराना बसस्टैंड, जीडीसी कालेज, जेल अधीक्षक रोड, जैसे जगहों पर जल भराव की स्थिति रही। खास बात यह है कि मसानगंज रोड में सोमवार को ही नालियों की सफाई की गई थी, इस दौरान कचरा सड़कों पर ही पड़ा रहा, जिससे लोगों को चलने में खासी परेशानी झेलनी पड़ी है।




### गुजर रही है मानसूनी द्रोणिका

मौसम वैज्ञानिक बीआर चिंधालोरे ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बना अवदाब लगातार नमी को छत्तीसगढ़ की ओर खींच रहा है। मानसूनी सिस्टम उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ रहा है। इसके साथ समुद्र तल पर बनी मानसूनी द्रोणिका छत्तीसगढ़ से होकर गुजर रही है, जबकि मध्य भारत के ऊपर सक्रिय ईस्ट-वेस्ट शियर जोन भी बारिश की संभावना बढ़ा रहा है। इन तीनों मौसमी सिस्टम के प्रभाव से अच्छी बारिश की स्थिति बन रही है। इसका असर बिलासपुर संभाग के बिलासपुर, मुंगेली, गौरेला-पेंड्रा- मरवाही, कोरबा, जांजगीर-चांपा और सक्ती जिलों में भी दिखाई देगा। अगले चार दिनों तक मानसून सक्रिय रहने के कारण नदी-नालों का जलस्तर बढ़ सकता है।

**जीडीसी में भर गया पानी**



## आसमानी बिजली का कहर, कई इलाकों में घंटों बंद रही बिजली

**बिलासपुर।** बादल गरजते और बारिश होते ही शहर की बिजली जवाब दे रही है। सोमवार की शाम को चमकी आसमानी बिजली के बाद कई इलाकों में अंधेरा छा गया। इस दौरान आधे शहर की बिजली आधे घंटें तक बंद रही। कोनी 33केवी सबस्टेशन से सप्लाई बाधित रहने के कारण कई इलाकों में सप्लाई रूक गई थी, हालांकि शाम 8.30 बजे तक ज्यादातर फीडरों को शुरू कर लिया गया।

बिजली ने एक बार फिर लोगों के घरों में अंधेरा छा दिया, शाम 6 बजे के बाद आसमान से गरजते बादल व चमकती बिजली के कारण कोनी सबस्टेशन से निकलने वाली 33 केवी लाइन ब्रेकडाउन हो गई। इस दौरान शनिचरी सबस्टेशन, बृहस्पति सबस्टेशन के साथ ही मंगला और राजकिशोर नगर सबस्टेशन की सप्लाई बाधित रही। करीब 40 मिनट बाद सप्लाई नार्मल हो सकी। इसके बावजूद नेहरू नगर सबस्टेशन से निकलने वाली लाइनों फाल्ट आया और महर्षि व नर्मदा नगर फीडर की सप्लाई बंद रही। इस दौरान मिनौचा कालोनी, अमेरी चौक, रिंग रोड के आसपास बिजली बंद रही। साथ ही तारबहार क्षेत्र के अंतर्गत लिंक रोड फीडर भी ब्रेकडाउन होने के कारण घंटों बंद रहे हालांकि बिजली कर्मचारी बारिश में भी भीगते हुए मरम्मत कार्य करते रहे हैं।

## कोटा में थम नहीं रहा मलेरिया का कहर, दंपती की रिपोर्ट आई पाजिटिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा क्षेत्र में मलेरिया के मरीज मिलने का सिलसिला थम नहीं रहा है। जहां अब तक 12 मरीज मिले हैं, वहीं सोमवार को एक दंपती की रिपोर्ट पाजिटिव पाई गई है, जिसके बाद 14 मरीज महज कोटा क्षेत्र से आ चुके हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग के साथ अब सिम्स के कर्मचारी भी मलेरिया की रोकथाम और सैंपल कलेक्शन में जुट गए हैं।

जानकारी के अनुसार मलेरिया अधिकारी डॉ बीके वैष्णव, मलेरिया सलाहकार कृष्णा कुमारी



एवं डीआईटी मलेरिया टीम द्वारा कोटा विकासखंड के अंतर्गत केन्दा पीएचसी पहुंची। यहां से टीम ने मानिकपुर एवं पसैरा ग्राम का दौरा किया। जंगलों के बीच बने पसैरा गांव में एक ही घर में दंपती को बुखार आने की शिकायत मिली, टीम ने मलेरिया सैंपल लिया, लेकिन उनकी रिपोर्ट पाजिटीव मिलने के बाद तत्काल सिम्स रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि टीम ने 100 घरों में जांच शिविर लगाया है, जहां 12 लोगों को बुखार आने और 10 से अधिक लोगों को सर्दी खांसी जैसी बीमारी से पीड़ित पाया गया है। टीम एवं अस्पताल को आवश्यकतानुसार मलेरिया-रोधी दवाइयां दी गई हैं। इसके अलावा पूर्व में मलेरिया पॉजिटिव पाए गए मरीजों का फॉलो-अप भी किया गया, ताकि उनके उपचार एवं स्वास्थ्य स्थिति की निरंतर निगरानी सुनिश्चित की जा सके।

### धारा 12ए के तहत पंजीकरण का प्रमाण नहीं दे सका स्कूल प्रबंधन

## लोयला स्कूल को जमा करना होगा 20 लाख संपत्तिकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने लोयला स्कूल की याचिका खारिज करते हुए नगर निगम द्वारा लगाए गए 19,75,742 रुपए के संपत्तिकर की मांग को वैध ठहराया है। कोर्ट ने कहा कि बिलासपुर स्थित लोयला स्कूल धारा 12ए के तहत पंजीकृत होने का प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका। स्कूल प्रबंधन द्वारा पेश किया गया पंजीकरण प्रमाणपत्र कुनकुरी, जिला रायगढ़ स्थित मध्य प्रदेश जेसुइट्स के नाम पर है। दोनों संस्थाएं एक नहीं हैं, इसलिए बिलासपुर स्थित स्कूल उस प्रमाणपत्र के आधार पर संपत्तिकर में पूर्ण छूट का दावा नहीं कर सकता।

मामले के अनुसार बहतराई क्षेत्र के नगर



निगम सीमा में शामिल होने के बाद लोयला स्कूल भी संपत्तिकर के दायरे में आ गया। निगम ने स्कूल प्रबंधन को स्वनिर्धारण प्रस्तुत करने कहा। स्वनिर्धारण जमा करने के बावजूद कर का भुगतान नहीं किया गया। इसके बाद निगम ने 6 अगस्त और 2 सितंबर 2021 को नोटिस जारी कर 19.75 लाख रुपए संपत्तिकर जमा करने को कहा।

स्कूल प्रबंधन ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दावा किया कि वह धर्मार्थ एवं अल्पसंख्यक शिक्षण संस्था है और धारा 12ए के तहत पंजीकृत होने के कारण उसे संपत्तिकर में छूट मिलनी चाहिए। वहीं नगर निगम ने तर्क दिया कि धारा 12ए का प्रमाणपत्र बिलासपुर के लोयला स्कूल के नाम पर नहीं, बल्कि कुनकुरी की संस्था के नाम जारी है।

हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि धारा 12ए के तहत पंजीकृत शिक्षण संस्थाओं को ही पूर्ण छूट का लाभ मिल सकता है। अन्य संस्थाओं को नियमानुसार अधिकतम 50 प्रतिशत तक छूट दी जा सकती है। कोर्ट ने निगम की कार्रवाई को उचित ठहराते हुए याचिका खारिज कर दी।



## खबर संक्षेप



एसएसपी रजनेश सिंह ने ट्रैफिक पुलिस के जवानों को बारिश से बचने रेन कोट का किया वितरण।

### साइंस कालेज में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत थीम पर कार्यक्रम



**बिलासपुर।** मेरा युवा भारत बिलासपुर के तत्वाधान में शासकीय ई. राघवेंद्र राव स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय बिलासपुर में आयोजित नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत थीम के अंतर्गत महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत गायन, वाद-विवाद, चित्रकला एवं स्लोगन लेखन जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा विकसित भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करना था। प्रतियोगिताओं के उपरांत पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे उपस्थित रहें। विशिष्ट अतिथि के रूप में मेरा युवा भारत बिलासपुर के उपनिदेशक नितिन शर्मा शामिल रहें। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीके श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शशिकांत राठौर एवं प्रो.उषा राठौर की उपस्थिति रही। महाविद्यालय के स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अतिथियों ने युवाओं से नशे से दूर रहकर समाज एवं राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### डॉ रश्मिलता डिस्ट्रिक्ट और मल्टीपल अवॉर्ड से सम्मानित



**बिलासपुर।** पीएमजेएफ डॉ रश्मिलता मिश्रा को लायंस इंटरनेशनल क्लब में डिस्ट्रिक्ट और मल्टीपल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। 26 जुलाई को रायपुर में आयोजित द्वितीय केबिनेट मीट कार्यक्रम में पूर्व जिला गवर्नर विजय अग्रवाल और वर्तमान जिला गवर्नर रिपु दमन द्वारा डॉ रश्मिलता मिश्रा को बेस्ट क्लब जिला मल्टीप्ल के अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अलावा 200 गतिविधियां साल भर में करने के लिए चांदी का सिक्का और क्लब एक्सीलेंस अवार्ड के साथ की पिप से सम्मानित किया गया।

### विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर सफाई कर्मियों के लिए जांच एवं टीकाकरण



**बिलासपुर।** विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला सर्विलांस इकाई, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय तथा नगर पालिक निगम बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में नगर निगम के फ्रंटलाइन सफाई कर्मचारियों के लिए विशेष हेपेटाइटिस जांच एवं टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर निगम के 142 फ्रंटलाइन सफाई कर्मचारियों का निःशुल्क हेपेटाइटिस 'बी' एवं 'सी' की जांच की गई। संक्रमण के जोखिम को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों को समय पर जांच, उपचार तथा बचाव संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान सफाई कर्मचारियों को हेपेटाइटिस संक्रमण के कारण, लक्षण, बचाव एवं समय पर जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। सीएमएचओ डॉ. शुभा गढ़ेवाल ने बताया कि इस विशेष शिविर का उद्देश्य सफाई मित्रों के बीच हेपेटाइटिस के प्रति जागरूकता फैलाना, समय पर जांच कराकर उन्हें निःशुल्क उपचार सेवाओं से जोड़ना तथा समाज के अग्रिम पंक्ति के कर्मियों को संक्रमण से सुरक्षित रखना है। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रमोद तिवारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रक्षित जोगी, जिला प्रबंधक श्याम मोहन दुबे, पंकज सिंह आदि मौजूद थे।

### छत्तीसगढ़ी राजभाषा परिषद् द्वारा गुरु पूर्णिमा पर संगीत संध्या



**बिलासपुर।** गुरु पूर्णिमा के परिप्रेक्ष्य में छत्तीसगढ़ी राजभाषा परिषद् द्वारा संस्कार भवन पुराना सरकंडा में भव्य संगीत संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. विनय कुमार पाठक थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सनत तिवारी ने की। झड़ी राम साहू ने अपने मधुर चिकारा वादन एवं लोकगायन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि एवं गायक राम निहोरा राजपूत, कांति कुमार दुबे, सतानंद दुबे ने अपनी प्रस्तुति दी तथा कार्यक्रम में वादन की प्रस्तुतियाँ कलाकार रामकुमार श्रीवास, ललित कश्यप, पुहुप सिंह राजपूत, परमेश्वर सिंगरौल, रामकुमार साहू एवं मोहित राम साकेत द्वारा दी गईं। डॉ. विवेक तिवारी ने परिषद् द्वारा लोकसंस्कृति के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दीं। इस अवसर पर महेंद्र दुबे, शीतल प्रसाद पाटनवर, मोहन सोनी लिप्सा पटेल, सुरेखा महतो एवं नीलिमा यादव, डॉ. राघवेन्द्र कुमार दुबे, डॉ. शत्रुघ्न जेसवानी आदि मौजूद थे।

# एयू की प्री-पीएचडी परीक्षा में शामिल होंगे 1761 परीक्षार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पीएचडी में प्रवेश के लिए अटल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित प्री-पीएचडी की परीक्षा मंगलवार को होने जा रही है। इस परीक्षा में 1 हजार 761 परीक्षार्थी शामिल होंगे और प्री-पीएचडी परीक्षा के लिए अटल यूनिवर्सिटी के यूटीडी सहित गवर्नमेंट साइंस कालेज व बिलासा गर्ल्स डिग्री कालेज को परीक्षा सेंटर बनायागया है।

■ आज सुबह 10 से 12 बजे तक होगी परीक्षा

अटल यूनिवर्सिटी की ओर से प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। यह परीक्षा केवल एक शिफ्ट में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक होगी। पीएचडी में प्रवेश के इच्छुक परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने के कारण यूनिवर्सिटी द्वारा तीन परीक्षा सेंटर बनाए गए हैं। इसमें यूनिवर्सिटी के यूटीडी और गवर्नमेंट साइंस कालेज एवं बिलासा गर्ल्स कालेज शामिल हैं। प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा में बैठने वाले परीक्षार्थियों की संख्या 1 हजार 761 है और परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र यूनिवर्सिटी अपने वेबसाईट पर अपलोड कर दिया है।



### 23 विषयों में होगी प्री-पीएचडी परीक्षा

अटल यूनिवर्सिटी ने प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए तीन और नए विषयों को शामिल किया गया है। इनमें गृह विज्ञान 4 सीट, खाद्य प्रसंस्करण एवं प्रौद्योगिकी 4 सीट और हॉटल मैनेजमेंट एंड हास्पिटेलिटी 4 सीट शामिल है। इस तरह पीएचडी के विषयों की संख्या बढ़कर 23 हो गई है। इसके पहले यूनिवर्सिटी ने पीएचडी के लिए 20 विषयों के लिए आवेदन मंगाए गए थे, जिनमें कंप्यूटर साइंस, सुक्ष्म जीव विज्ञान, रसायन शास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, हिन्दी, गणित,वनस्पति शास्त्र, भौतिकी, जन्तु विज्ञान, वाणिज्य, राजनीति शास्त्र, समाज शास्त्र, इतिहास, अर्थशास्त्र, शिक्षा, विधि, पुस्तकालय विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, मनोविज्ञान विषय शामिल हैं। इनमें कुल 493 सीटों में से 207 डीईटी प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा तथा डीईटी एक्जंप्ड श्रेणी की सीटों पर प्रवेश परीक्षा से छूट रहेगी।

### 2 हजार 453 आवेदन आए थे

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा पीएचडी के तीसरे नए बेच के लिए प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा रही है। इसके लिए यूनिवर्सिटी की ओर से आनलाइन आवेदन भराए गए हैं। यूनिवर्सिटी ने प्री-पीएचडी आनलाइन आवेदन का शुल्क सामान्य वर्ग के लिए 1500 रुपए और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 1 हजार रुपए रखा था। इसके बाद भी पीएचडी के 493 सीटों के विरूद्ध चार-पांच गुना अधिक 2 हजार 453 आनलाइन आवेदन आए थे। इनमें से कुछ तो एक्जंप्ड श्रेणी वालों को प्रवेश परीक्षा में छूट हैं। इसके अलावा कई लोगों के आवेदन अपात्र भी हुए हैं। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए 1 हजार 761 लोगों का पात्र पाया गया है।

### तीन बार बढ़ाई गई आवेदन प्रक्रिया

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2026 के लिए 23 जनवरी से आनलाइन आवेदन भराना शुरू किया गया था, जिसकी अंतिम तिथि 16 फरवरी रखी गई थी। पहली बार आवेदन की तिथि 28 फरवरी तक बढ़ाई गई थी, उसके बाद दूसरी बार 7 मार्च तक आवेदन की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। तीसरी बार 31 मार्च तक तिथि बढ़ाकर प्री-पीएचडी के लिए आनलाइन आवेदन मंगाए गए थे।

# एयू यूटीडी में प्रवेश के लिए फर्स्ट मेरिट लिस्ट

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी के यूटीडी में संचालित स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पिछले मंगलवार को प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी। इस प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है और इसके साथ ही एडमिशन के लिए फर्स्ट मेरिट लिस्ट भी जारी हो गई है।

■ प्रवेश परीक्षा के माध्यम से हो रही प्रवेश प्रक्रिया

अटल यूनिवर्सिटी के यूटीडी में पांच टीचिंग डिपार्टमेंट के अंतर्गत स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम बीएससी कंप्यूटर साइंस, बीएससी एमबीबीआई, बीबीए, बीएससी फूड प्रोसेसिंग एंड टेक्नालाजी, बीएससी बायोटेक, बीकॉम, बीसीए संचालित हैं। इसी तरह स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में एमएससी कंप्यूटर साइंस, एमएससी एमबीबीआई, एमबीए, एमएससी फूड प्रोसेसिंग एंड टेक्नालाजी, एमएससी बायोटेक, एमकॉम, एमसीए, एमबीए टीटीएम पाठ्यक्रम संचालित हैं। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाता है। प्रवेश परीक्षा के लिए स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए 830 और स्नातकोत्तर के लिए 424 मिलाकर कुल 1254 छात्र-छात्राओं ने आवेदन जमा किया था। यूनिवर्सिटी की ओर से पिछले मंगलवार को प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें 982 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। प्रवेश परीक्षा के तीन दिनों बाद यूनिवर्सिटी द्वारा प्रवेश परीक्षा का परिणाम यूनिवर्सिटी के वेबसाईट पर जारी कर दिया गया था। इस प्रवेश परीक्षा के अंकों के आधार पर स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आज फर्स्ट मेरिट लिस्ट जारी कर दिया गया है। फर्स्ट लिस्ट में जिन छात्र-छात्राओं का नाम आया है वे एडमिशन ले सकते हैं।

## प्राकृति की सुरक्षा के लिए बाघों का संरक्षण, संवर्धन और सुरक्षा जरूरी

**बिलासपुर।** विश्व भर में 29 जुलाई को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर डीपी विप्र महाविद्यालय, आईक्यूएसी एवं डब्ल्यूडब्ल्यू एफ-भारत, सीआईएल एमपीसीजी एसओ के संयुक्त तत्वावधान में 'बाघ संरक्षण एवं सतत पर्यावरण विकास' विषय पर एक दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, एनएसएस, स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट्स, छात्र संघ पदाधिकारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में वन्यजीव संरक्षण, विशेषकर बाघ संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर अध्यक्ष, प्रशासन समिति, डी.पी. विप्र महाविद्यालय अनुराग शुक्ला, प्राचार्य डॉ. एम.एस. तंबोली, मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक, अचानकमार टाइगर रिजर्व सुश्री प्रियंका पांडे, उपेन्द्र दुबे, डॉ. अनुराग विश्वकर्मा, लुकास नायक, सुश्री स्वभा सोनी मौजूद थीं। अतिथियों का स्वागत डॉ. मनीष तिवारी ने पौधा भेंट कर किया। मुख्य अतिथि सुश्री प्रियंका पांडे ने कहा- 'बाघ केवल एक जानवर नहीं, बल्कि स्वस्थ जंगल का संकेतक है। यदि बाघ सुरक्षित है तो इसका मतलब है पूरा पारिस्थितिकी तंत्र सुरक्षित है। अचानकमार टाइगर रिजर्व में हम लोग बाघों के संरक्षण के साथ-साथ आसपास के गांवों को आजीविका से जोड़ने का काम भी कर रहे हैं। उपेन्द्र दुबे ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डब्ल्यू.डब्ल्यू.एफ बाघ गलियारा और मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने पर काम कर रहा है। डॉ. अनुराग विश्वकर्मा ने जलवायु परिवर्तन का बाघों के आवास पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बताया और छात्रों से पर्यावरण क्लब' बनाने का आग्रह किया। लुकास नायक ने छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में डब्ल्यू.डब्ल्यू.एफ द्वारा चलाए जा रहे क्षेत्रीय कार्यों और युवाओं के लिए स्वयंसेवा एवं प्रशिक्षण के अवसरों की जानकारी दी। सुश्री स्वभा सोनी, अनुराग शुक्ला, डॉ. एम.एस. तंबोली, प्रो. ए. श्रीराम, विकास सिंह, मनीष मिश्रा, उमेश साहू, बृजेश बोले, अरूण नथानी, यश मिरानी, डॉ. किरण दुबे, प्रो. यूपेश कुमार, प्रो. हैलसीयन कान्त, डॉ. आशीष शर्मा, डॉ. मनीष तिवारी, प्रो. ए.श्रीराम, प्रो. निधीश चैबे, डॉ. आभा तिवारी आदि का योगदान रहा।




## बिलासपुर में दौड़ेंगी 50 एसी ई बसें, जनता से मांगे गए सुझाव

**बिलासपुर।** बिलासपुर में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक और सुविधाजनक बनाने की दिशा में बड़ी पहल शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत शहर को 50 एयर कंडीशंड (एसी) ई-बसों की स्वीकृति मिलने के बाद अब इनके संचालन के लिए रूट तय करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। खास बात यह है कि इस बार बसों के रूट निर्धारण में आम नागरिकों, छात्रों और कर्मचारियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है। इसी उद्देश्य से बिलासपुर जिला अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी ने सुझाव आमंत्रित किए हैं।



सोसायटी के अनुसार इच्छुक नागरिक अपने सुझाव ई-मेल आईडी पर भेज सकते हैं। इसके अलावा नगर निगम कार्यालय स्थित विकास भवन के कक्ष क्रमांक-42 में पहुंचकर भी लिखित रूप से अपने सुझाव जमा किए जा सकते हैं। प्राप्त सुझावों और तकनीकी अध्ययन के आधार पर शहर में ई-बसों के संचालन के लिए अंतिम रूट चार्ट तैयार किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा देशभर में स्वच्छ, आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री ई-बस सेवा शुरू की गई है। इसी योजना के तहत बिलासपुर जिले को 50 एसी ई-बसों की स्वीकृति मिली है, जिनके जल्द संचालन की तैयारी चल रही है। अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी ने बताया कि बसों के संचालन का उद्देश्य अधिकतम यात्रियों को सुविधा उपलब्ध कराना है।

इसी कारण ऐसे विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों को प्राथमिकता दी जा रही है, जहां बिलासपुर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में विद्यार्थी प्रतिदिन आते-जाते हैं। इसके साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों, आसपास के गांवों से रोजाना आने वाले श्रमिकों तथा शहर के प्रमुख व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स में कार्यरत कर्मचारियों की दैनिक आवाजाही को ध्यान में रखकर भी संभावित रूट तैयार किए जा रहे हैं। ई-बसों का संचालन बिलासपुर जिला अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी द्वारा किया जाएगा। रूट निर्धारण के लिए प्राप्त सुझावों का परीक्षण कर उन्हें प्रस्तावित योजना में शामिल किया जाएगा, जिससे शहर और आसपास के क्षेत्रों में यात्रियों की जरूरतों के अनुरूप बेहतर और व्यवस्थित सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध कराया जा सके।



## जैन मंदिर क्रांतिनगर में आचार्य श्रीजी पूजन व शांति विधान आज

**बिलासपुर।** क्रांतिनगर जैन मंदिर में मंगलवार 28 जुलाई को माताजी के सानिध्य में प्रातः साढ़े 7 बजे से मंगलाष्टक अभिषेक, शांतिधारा, आचार्य श्रीजी की पूजन एवं शांति विधान संपन्न होगा।

संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज की परम प्रभावक शिष्या एवं नवाचार्य 108 श्री समय सागर महाराज की आज्ञानुवर्ती आर्यिका श्री 105 अकम्प मति माताजी, आर्यिका 105 अचल मति माताजी ससंघ 1008 श्रीआदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर क्रांतिनगर" में है। शांतिविधान पुण्यार्जक परिवार श्रीमंत सेठ, प्रवीण, शकुन जैन, प्रशांत जिमी जैन, विहान समस्त कोयला परिवार है।

शाम को माताजी ससंघ के सानिध्य में आचार्य भक्ति संपन्न हुई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने आचार्य भक्ति एवं महिलाएं वैयावृति में पहुंच कर पुण्य लाभ लिया। मंगलवार को आहारचर्या क्रान्तिनगर में होगी।

## शोभा टाह फाउंडेशन ने ट्राई साइकिल का किया वितरण



**बिलासपुर।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर आनंदम धाम में रितेश्वर महाराज के आशीर्वाद से स्व. शोभा टाह फाउंडेशन द्वारा मानव सेवा का प्रेरणादायी कार्य किया गया।

संस्था के प्रबंधक एवं समाजसेवी अनिल टाह ने एक जरूरतमंद दिव्यांग महिला सरोजनी देवांगन को बैटरी चालित ट्राई साइकिल प्रदान कर उसके जीवन को आसान बनाने का प्रयास किया। संस्था के प्रबंधक एवं समाजसेवी अनिल टाह ने बताया कि गुरु पूर्णिमा सेवा, समर्पण और गुरु के आशीर्वाद का पर्व है। रितेश्वर महाराज की कृपा से संस्था निरंतर जरूरतमंद, दिव्यांग एवं असहाय लोगों की सहायता के लिए कार्य करती रहेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे सेवा कार्य आगे भी लगातार जारी रहेंगे। बैटरी चालित ट्राई साइकिल प्राप्त करने वाली लखराम निवासी सरोजनी देवांगन ने खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि उन्हें संस्था से दूसरी बार बैटरी चालित ट्राई साइकिल मिली है। इस अवसर पर एसपी सिंह, एसपी बारेथ, चिन्मय भट्ट, आर.के. सिंह,रेखा, मदन मोहन गुल्ला सहित फाउंडेशन के अनेक सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## 3 दिवसीय श्रीराम श्रद्धा यात्रा का समापन



**बिलासपुर।** अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में हुई चोरी की घटना से आहत श्रद्धालुओं की भावनाओं को श्रद्धा, सेवा और समर्पण में बदलते हुए बेलतरा विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी विजय केशरवानी के संकल्प से निकली तीन दिवसीय श्रीराम श्रद्धा यात्रा का सोमवार को समापन हुआ। यात्रा के दौरान शहर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। हाथों में नारियल और होठों पर जय श्रीराम का उद्घोष लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुए। महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने स्वस्फूर्त सहभागिता की। भजन मंडली के साथ श्री केशरवानी ने मृदंग बजाते हुए श्रीराम भजनों में सहभागिता की। यात्रा का समापन वर्षों देवी मंदिर परिसर में महाआरती, विशाल भंडारे और महाप्रसाद वितरण के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। तीन दिनों के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित किए गए नारियल अयोध्या भेजे जाएंगे और भगवान श्रीराम के श्रीचरणों में समर्पित किए जाएंगे। आयोजकों ने इसे छत्तीसगढ़ के ननिहाल की ओर से अपने भांचा श्रीराम के प्रति श्रद्धा और प्रेम का प्रतीक बताया। यात्रा में विजय पांडेय, सिद्धांशु मिश्रा, विनोद साहू, संतोष गर्ग, ऋषि पांडेय, मनीष गढ़ेवाल, राजेश ताम्रकार, वीरू कसेर आदि शामिल थे।

## भाजपा मंडल प्रभारियों एवं सह प्रभारियों की घोषणा

**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण के सभी 14 मंडलों के लिए प्रभारी एवं सह-प्रभारियों की घोषणा की गई है। जिला अध्यक्ष मोहित जायसवाल द्वारा घोषित दायित्वों के अनुसार भाजपा ग्रामीण जिला के जिला महामंत्री एस. कुमार मनहर को जिला मुख्यालय प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

कोटा मंडल – दयाशंकर तिवारी, मध्यम सिंह राजपूत, रतनपुर मंडल – महाराज सिंह नायक, मनमोहन पाण्डेय, बेलगहना मंडल – तिरिथ राम यादव, धरमशिला ध्रुव, करगीकला मंडल – राजेश कश्यप, राजकुमार साहू, बेलतरा उत्तर मंडल – विजयधर दीवान, प्रणव शर्मा समदरिया, बेलतरा दक्षिण मंडल – शंकरदयाल शुक्ला, कुंती मेहर, बेलतरा पूर्व मंडल – राजेन्द्र अग्रहरि, अनिल पाण्डेय, बेलतरा पश्चिम मंडल – जनक देवांगन, शैल भोई, सीपत मंडल – उमेश गौरहा, राधेश्याम मिश्रा, देवरी खुर्द मंडल – अवधेश अग्रवाल, मन्नू सिंह, मस्तूरी मंडल – हरनारायण तिवारी, लोकेशधर दीवान, जयरामनगर मंडल – एस. कुमार मनहर, नागेश्वरी साहू, लोहर्सी मंडल – राजकुमार साहू, सरोजनी भारद्वाज,, मल्हार मंडल – राज्यवर्धन कौशिक, निखिल केशरवानी।

## बीपीएस में सेफ्टी फर्स्ट थीम पर अग्नि सुरक्षा कार्यशाला



**बिलासपुर।** पब्लिक स्कूल में सेफ्टी फर्स्ट थीम पर अग्नि सुरक्षा कार्यशाला आयोजित ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बहतराई, बिलासपुर में सेफ्टी फर्स्ट थीम के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए अग्नि सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य आग से बचाव, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित तथा प्रभावी प्रतिक्रिया एवं अग्निशमन उपकरणों के सुरक्षित व सही उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यशाला का संचालन अग्नि सुरक्षा विशेषज्ञ हेमंत धाबड़े ने किया। उन्होंने आग लगने के कारणों, आग बुझाने के सिद्धांतों तथा आग के विभिन्न वर्गों (क्लास ए, बी एवं सी) की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही फायर एक्सटिंग्विशर एवं फायर हाइड्रेंट सिस्टम के सही उपयोग का लाइव प्रदर्शन कर कर्मचारियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया। उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए नियमित अभ्यास एवं सतर्कता को अत्यंत आवश्यक बताया। विद्यालय के अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक कर्मचारी को आपातकालीन परिस्थितियों में धैर्यपूर्वक एवं आत्मविश्वास के साथ सही निर्णय लेने और प्रभावी कार्रवाई करने के लिए प्रशिक्षित होना चाहिए। उन्होंने विद्यालय में सुरक्षा संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर बल दिया। इस अवसर पर निदेशक-प्राचार्या डॉ. श्रुति गुप्ता ने कहा सुरक्षा केवल एक सावधानी नहीं, बल्कि हम सभी की जिम्मेदारी है। नियमित प्रशिक्षण एवं पूर्व तैयारी हमें आपातकालीन परिस्थितियों का सामना करने के लिए सक्षम बनाती है। हेमंत धाबड़े ने आभार व्यक्त किया।

एजुकेशन प्लस

**8 जिलों के 128 खिलाड़ियों ने किया प्रदर्शन, संभाग में 16 खिलाड़ियों की टीम बनेगी**

# फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी में अंडर 14 संभाग स्तरीय क्रिकेट का ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में क्रिकेट खेल में अंडर 14 वर्ष के खिलाड़ियों के लिए संभाग स्तरीय ट्रायल किया गया। जिसमें संभाग से 8 जिलों की 128 खिलाड़ी शामिल हुए। संभाग स्तरीय ट्रायल में चयन समिति ने बिलासपुर संभाग के लिए क्रिकेट टीम में 16 खिलाड़ियों का चयन किया। इस अवसर पर फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया, सहायक संचालक खेल जीडी गर्ग, कमलेश यादव के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों का ट्रायल लिया गया।



बिलासपुर कोरबा, जांजगीर चांपा मुंगेली, जीपीएम, रायगढ़ जिले समेत 8 जिलों के 128 खिलाड़ियों ने फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें बल्लेबाजी, गेंदबाजी क्षेत्ररक्षण और खिलाड़ियों के फिटनेस का स्किल टेस्ट किया गया। संभाग के 16 खिलाड़ियों की टीम बनेगी और अगले महीने जीपीएम जिले में प्रदेश की पांच संभाग से मुकाबला होगा। पांच संभाग से चयनित खिलाड़ियों की प्रदेश की एक टीम तैयार होगी।

इस अवसर पर फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने कहा कि क्रिकेट के खेल मैदान में खिलाड़ी अच्छा खेले और छत्तीसगढ़ राज्य समेत अपने माता-पिता और प्रदेश का नाम रोशन करें। फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी खेल मैदान में चयनित खिलाड़ी आज राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं। इस अवसर पर डॉ सुरेश शुक्ला ,विशाल दुबे, हितेश यादव ,राजेंद्र नेताम, अमरीक सिंह, अनीश ,दानवेंद्र ,किशन डहरिया के अलावा काफी संख्या में क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे।




हरिभूमि व आईएनएच द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेहंदी, रंगोली एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिलेभर से बड़ी संख्या में बच्चों और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सोमवार को रिंग रोड स्थित हरिभूमि कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में विभिन्न वर्गों के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



सोमवार को गौरवपथ स्थित हरिभूमि कार्यालय में आयोजित समारोह में मौजूद अतिथि एवं विजयी प्रतियोगी।

## मेहंदी, रंगोली व सामान्य ज्ञान स्पर्धा

# हरिभूमि-आईएनएच की प्रतियोगिताओं के विजेताओं का सम्मान











हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ लघु उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आधारशिला सैनिक स्कूल के डायरेक्टर डॉ. अजय श्रीवास्तव एवं चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज के डायरेक्टर आशीष जायसवाल उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर जीएम प्रियंक सिंह परिहार, एजीएम मनीष त्रिपाठी, एजीएम अरूण ज्योतिषी, अंजना शर्मा, रेखा साहू, भुवन देवांगन, प्रशांत सिंह, शेख अशलम सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागि मौजूद थे।

इस अवसर पर डॉ. अजय श्रीवास्तव ने कहा कि पढ़ाई और ज्ञान से जुड़ी प्रतियोगिताओं में बच्चों और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत सराहनीय है। ऐसी प्रतियोगिताएं प्रतिभागियों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाती हैं और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। ऐसी प्रतियोगिताएं प्रतिभा को निखारने और ज्ञानवर्धन का सशक्त माध्यम हैं।

मुख्य अतिथि हरीश केडिया ने कहा कि आज महिलाएं केवल घर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर हर क्षेत्र में नई पहचान बना रही हैं। हरिभूमि द्वारा आयोजित इस प्रकार की प्रतियोगिताएं महिलाओं और बच्चों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का बेहतर मंच प्रदान करती हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और उनकी प्रतिभा को नई दिशा मिलती है।

### महिलाओं और बच्चों को कला प्रदर्शित करने का बेहतर मंच हरिभूमि

चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज के डायरेक्टर आशीष जायसवाल ने कहा कि आज के डिजिटल युग में जब अधिकांश जानकारी मोबाइल पर उपलब्ध है, तब भी बच्चों और महिलाओं का नियमित रूप से अखबार पढ़कर प्रतियोगिता में भाग लेना यह दर्शाता है कि प्रिंट मीडिया के प्रति उनकी रुचि आज भी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि

प्रतियोगिता में 5 वर्ष से लेकर 26 वर्ष से अधिक आयु वर्ग तक के बच्चों और महिलाओं ने विभिन्न श्रेणियों में भाग लिया। प्रतिभागियों ने मेहंदी, रंगोली और सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में अपनी रचनात्मकता एवं ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया तथा आयोजकों ने भविष्य में भी इस प्रकार की रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं के आयोजन का संकल्प दोहराया।

इस अवसर पर प्रतिभागी रजनी कौशिक और साक्षी साहू ने हरिभूमि द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सीखने की भावना को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने आयोजन को अत्यंत सार्थक और प्रेरणादायक बताया।














### स्पर्धा में इन्होंने बनाई जगह, मिला पुरस्कार

हरिभूमि की इस प्रतियोगिता में मेंहदी में 5 से 15 वर्ष के वर्ग में प्रथम साक्षी साहू, दितीय जोया अख्तर,तृतीय सौम्या चंदाबहेश ने जगह बनाई। इसी तरह 16 से 25 वर्ष तक में प्रथम शिखा यादव,दितीय भूमिका यादव व तृतीय पूर्णिमा सिंह रही। 26 वर्ष से उपर की वर्ग में प्रथम दामिनी कश्यप, दितीय सिमरन बोले और तृतीय स्थान सविता साहू ने जगह बनाई है। रंगोली में 5 से 15 वर्ष तक के वर्ग में प्रथम शाल्वि कश्यप,प्रतिभा साहू व तीसरा स्थान धानी सिंह ने बनाई है। इसी तरह 16 से 25 वर्ष तक के वर्ग में प्रथम प्रगति शुक्ला,सौम्या साहू व तीसरा स्थान सृष्टि मारकण्डे ने बनाई है। 26 वर्ष से अधिक के वर्ग में प्रथम दामिनी कश्यप,भवना कश्यप और तीसरा स्थान उमा सोनी बनाया है। विश्म महिला दिवस पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम रजनी कौशिक,कामनी पटेल और तृतीय व चतुर्थ स्थान काव्या कौशिक व पूजा सिन्हा ने प्राप्त किया है। इसमें विभिन्न प्रतिभागियों को सांत्वना पुरूस्कार भी प्रतिभागियों का बांटा गया।







## खबर संक्षेप

### जिला कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों में प्रभारियों की नियुक्ति

**मल्हार।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष गजमती भानु ने जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को संगठन के विभिन्न प्रकोष्ठों एवं संगठनों में प्रभारी का दायित्व सौपा गया है। महिला कांग्रेस सविता राठौर, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस नारायण शर्मा, किसान कांग्रेस बाला कश्यप, सेवा दल पुष्पराज सिंह, अल्पसंख्यक कांग्रेस राकेश मसीह, आदिवासी कांग्रेस मूलचंद कुशराम, एनएसयूआई संतोष ठाकुर,इंटक विनय चौबे, खेलकूद प्रकोष्ठ कांग्रेस कमाल खान, असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ शिवांश दुबे नियुक्त किए गए हैं।

### सब्जी मांगने की बात पर मारपीट

**तखतपुर।** सामूहिक भोज के दौरान सब्जी मांगने की बात को लेकर युवक के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने वालों के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार समडील निवासी बीरबल पटेल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 26 जुलाई को उसके नाती के जन्मोत्सव कार्यक्रम में भोज चल रहा था तभी 7 बजे वहां पर भोजन परोस रहे आकाश पटेल और विवेक पटेल से दाल और सब्जी की मांग किया तब दोनों ने हम लोग बांटने वाले लग रहे है कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। पुलिस ने धारा 115, 2 296, 3, 5 351, 3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

### 6वीं में प्रवेश हेतु आवेदन 31 तक

**मुंगेली।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो में शैक्षणिक सत्र 2027–28 में कक्षा 06वीं में प्रवेश हेतु के माध्यम से आनलाईन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किया गया है। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि परीक्षा की तिथि 28 नवंबर दिन शनिवार निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी को जिले का निवासी होना चाहिए तथा शैक्षणिक सत्र 2026–27 में कक्षा 5वीं में जिले के शासकीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालय में अध्ययनरत होना चाहिए। अभ्यर्थी का जन्म 01 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के मध्य होना चाहिए। आवेदन के लिए अभ्यर्थी का फोटो, हस्ताक्षर, अभिभावक का हस्ताक्षर, जाति, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड के साथ उक्त वेबसाइट से आवेदन करा सकते हैं।

## निधन

### राजेश राठौड़



**बिलासपुर।** टिकरापारा निवासी राजेश राठौड़ का निधन हो गया। वे 56 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा 28 जुलाई को सुबह 10 बजे जैन भवन टिकरापारा से दयालबंद मधुबन के लिए रवाना होगी। वे योगेन्द्र, विनोद एवं विरेश के भाई थे।

### कलिंद्री देवांगन



**तखतपुर।** वार्ड क्रमांक 8 देवांगनपारा होलिका चौक निवासी श्रीमती कलिंद्री देवांगन 62 वर्ष का 27 जुलाई को निधन हो गया। वे शंकर देवांगन की धर्मपत्नी एवं बल्लू, पक्की, रवि, अरुण देवांगन की मां थीं। इनका अंतिम संस्कार देवांगन समाज के मुक्तिधान में किया गया।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्र./Q/तह./रा.नि./टीम सीमा./2026
सरकण्डा, दिनांक 20.07.2026

प्रति, 1. 1. आवेदक विजय कुमार अग्रवाल पिता आर.एस. अग्रवाल 2. सुरेश मिश्रा पिता पी.डी. मिश्रा 3. अनुरागनी टाईटस पति ओरेमस हर्षले टाईटस 4. शिवकली बाई पति गिरधारी लाल 5. रीना देवी गुप्ता पति दुर्गेश गुप्ता 6. दुर्योधन साहू पिता स्व. केजाराम साहू 7. सरस्वती साहू पति कार्तिक राम साहू 8. विरेन्द्र साहू पिता कार्तिक राम साहू 9. माधुरी कश्यपपति विरेन्द्र कश्यप 10. राजकुमारी यादव पति गणेश यादव 11. कुंती यादव पिता बशीलाल यादव 12. अन्य संबंधित हितबद्ध पक्षकार मंगला 13. उमाशंकर यादन पिता संतूराम यादव 14. गुरु कश्यप 15. रेखा दत्ता 16. शशि सोनी पति राजकुमार सोनी 17. रीता छाबड़ा पति सुशील छाबड़ा 18. सावित्री बघेल पति महेन्द्र सिंह बघेल 19. गंगाधुरी पति कुंवर सिंह पुरी 20. ओमप्रकाश पहल
21. बालमुकुन्द रजक 22. मीनादेवी पति गौतमलाल 23. संतकुमार धुरी पिता स्व. तिलकराम धुरी 24 रंजना पति राजेन्द्र कश्यप

विषय: सीमांकन के समय उपस्थिति होने बाबत्।
संदर्भ: कार्यालय कलेक्टर (भू–अभिलेख शाखा) बिलासपुर (छ.ग.) का सीमांकन आदेश क्रमांक / 121/भू.अ./रा.नि.का./2026

विषयांतर्गत आवेदक विजय कुमार अग्रवाल पिता आर.एस. अग्रवाल द्वारा ग्राम मंगला स्थित भूमि खसरा नंबर 314/2–315/2 में से रकबा 0.64 एकड़ भूमि को विक्रेता सुरेश मिश्रा से कय कर टुकड़ों में विकय किया गया है। खसरा नंबर 314 एवं 315 के संपूर्ण रकबा की जांच कर विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर श्री खेलेन्द्र यादव अधीक्षक भू–अभिलेख बिलासपुर एवं अतिरिक्त तहसीलदार श्रीमती प्रकृति ध्रुव के नेतृत्व में गठित टीम के सदस्यों द्वारा प्रश्नाधीन भूमि की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट अतिरिक्त कलेक्टर बिलासपुर के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है। उक्त के संबंध में संदर्भित पत्र के परिपालन में श्री खेलेन्द्र यादव अधीक्षक भू–अभिलेख बिलासपुर एवं अतिरिक्त तहसीलदार श्रीमती प्रकृति ध्रुव के निर्देशानुसार दिनांक 28/07/2026 को समय सुबह 12.00 बजे से उपरोक्त जांच/सीमांकन, गठित टीम द्वारा किया जाएगा। जिसमें आप सभी की उपस्थिति अनिवार्य है।

अत: आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में अपने भूमि संबंधी दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहे। अनुपस्थित होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी। जिसकी संपुर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।
टीप:– विशेष परिस्थिति में सीमांकन की तिथि एवं समय में परिवर्तन हो सकता है।

**राजस्व निरीक्षक सरकण्डा**
**तहसील बिलासपुर**

## साइकिल वितरण, नेवता भोज, पौधरोपण कार्यक्रम

# शिक्षित बेटियों से होगा आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माणः धरमलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया



कार्यक्रम में उपस्थित विधायक धरमलाल कौशिक व अन्य।

शाउमा विद्यालय बावली एवं पडियाईन में साइकिल वितरण, नेवता भोज, वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवम बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक उपस्थित रहे।

हायर सेकेंडरी स्कूल बावली पहुंचने पर बावली प्रवेश द्वार से विद्यालय तक जनपद सदस्य एवं जनपद उपाध्यक्ष दीपिका चंद्रशेखर कौशिक द्वारा धरमलाल कौशिक का स्वागत किया गया। इसी तरह पड़यिाईन पहुचने पर जनपद महिला बाल विकास सभापति लोकेश साहू द्वारा ग्रामीणों , विद्यार्थियों के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चन कर की गई। इसके बाद स्वागत के लिए पडियाईन स्कूल के बच्चों के द्वारा शानदार स्वागत गीत और स्वागत नित्य किया प्रदर्शन किया गया। बच्चियों के साथ संवाद करते हुए श्री कौशिक ने बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ अभियान को जोर दिया और बेटियों की तारीफ की स्कूल में सत प्रतिशत रिजल्ट लाने के लिए संस्था को और छात्रों को प्रेरित किया । उन्होंने कहा कि बेटियां को शिक्षा का अवसर देने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार कई योजनाएं लाई है क्योंकि शिक्षित बेटियों से ही आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण होगा । उन्होंने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन की बात कही और हर साल मानसून के समय पेड़ लगाने और उनका देखभाल करने का आह्वान किया । जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दीपिका चंद्रशेखर कौशिक ने कहा कि क्षेत्र में हर साल बच्चियों का प्रतिशत बालकों की अपेक्षा अच्छा रहा है जो बताता है कि बेटियां को जब भी अवसर मिला है उन्होंने अपना हुनर साबित किया है , जिला पंचायत सभापति अम्बालिका साहू ने कहा कि सरकार ने बेटियों को स्कूल तक आने निशुल्क सायकल दिया है और उन्हें पक्की सड़क हमारे विधायक जी के प्रयास से मिल गया जिससे छात्राएं सुगमता से विद्यालय पहुच रही है । भाजपा जिला महामंत्री कैलाश सिंह , युवा मोर्चा जिला महामंत्री राजेंद्र साहू और भाजपा नेता चंद्रशेखर कौशिक ने भी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था प्रमुख प्राचार्य जेपी यादव, सभी स्टाफ, डॉ. मंडलोई बीईओ पथरिया, लोकेश साहू जिला सदस्य, ग्राम पं. पडियाईन के पंच सरपंच, रोहरा कला पंच सरपंच ,छात्र, नागरिक, पालक उपस्थित रहे।

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के बाद कांग्रेस का विजय मार्च




**पेंड्रा।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विजय मार्च निकाला। बस स्टैंड गौरेला में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह केवल किसी एक व्यक्ति की जीत नहीं, बल्कि छात्रों, युवाओं और लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत है। जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष गंगमती भानु ने कहा कि कांग्रेस हमेशा छात्रों, युवाओं और आम जनता की आवाज बनकर संघर्ष करती रही है। पूर्व विधायक डॉ. के. के. ध्रुव ने कहा कि कांग्रेस के निरंतर संघर्ष और राहुल गांधी के नेतृत्व में उठाई गई आवाज़ का परिणाम आज पूरे देश के सामने है। उक्त कार्यक्रम में ओमप्रकाश बांका, रमेश साहू, मूलचंद कुशराम, अमोल पाठक, राकेश माहीह, नारायण शर्मा, बदल सिंह नीलेश साहू, अमित सोनी, शुभाष मित्तल, मो शाकिल, संदीप दूबे, संतोष ठाकुर, सुनीता थिमोथी, ममता पैकरा, रेखा तिवारी, कुशराम, अलोक शुक्ला, शारदाचारण पसारी, वीरेंद्र मिश्रा, अवधेश गुर्जर अफसर खान, मदन सोनी, चंद्रभान मरावी, संतोष मल्लाईया, शिवांश दूबे, राजेश गुप्ता, पार्षद राजेश सोनी, पार्षद प्यारे लाल रघुवंशी,आसीम, मो अनवर शहंशाह मंसूरी, आसिफ, राहुल, लाल बहादुर सिंह, सुनील कुमार, अजय मिश्रा, अनिल ठाकुर, सेमलाल, मनोज श्रीवास, उमाकांत सोनी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता छात्र उपस्थित रहे।

### उत्कृष्ट खिलाडियों से खेल पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित

**मुंगेली।** जिले के उत्कृष्ट खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को विभिन्न खेल पुरस्कारों, मुख्यमंत्री ट्राफी, नकद पुरस्कार, प्रेरणा निधि तथा डाइट मनी (खेलवृत्ति) प्रदान करने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक पात्र खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक 05 अगस्त 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। वरिष्ठ खेल अधिकारी ने बताया कि शहीद राजीव पांडे पुरस्कार अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वरिष्ठ वर्ग के उन खिलाड़ियों को प्रदान किया जाएगा, जिन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक अर्जित किया हो अथवा अधिकृत अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया हो। वहीं शहीद कौशल यादव पुरस्कार राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों के लिए निर्धारित है। इसी प्रकार पंकज विक्रम सम्मान ऐसे खिलाड़ियों को दिया जाएगा, जिन्होंने पिछले पांच वषोंर् में कम से कम चार बार राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया हो। वीर हनुमान सिंह पुरस्कार उत्कृष्ट प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को प्रदान किया जाएगा।

# सेंट जेवियर्स की छात्राओं ने जीता कबड्डी स्पर्धा में कांस्य

**मुंगेली।** सेंट जेवियर्स हाईस्कूल, मुंगेली की अंडर–17 बालिका कबड्डी टीम ने सीबीएसई क्लस्टर–सेकण्ड कबड्डी प्रतियोगिता 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में पश्चिम बंगाल, ओडिशा एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न विद्यालयों की 64 टीमों ने भाग लिया था।




मदर्स प्राइड हायर सेकेंडरी स्कूल, खम्हरिया दुर्ग के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सेंट जेवियर्स की खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन, टीम भावना एवं संघर्षशीलता का परिचय देते हुए सेमीफाइनल तक का सफर तय किया और कांस्य पदक अपने नाम किया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021–22 से अब तक विद्यालय की कबड्डी टीम दो बार स्वर्ण पदक एवं तीन बार कांस्य पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर चुकी है। विजेता टीम में शुभांगी भद्रे, आकांक्षा रे, आलिया रे, समृद्धि बैरागी, आस्था शर्मा, वंशिका गर्ग, काव्या दिवाकर, सृष्टि गोयल, हेमानी गायकवाड़, अग्रिमा तिवारी एवं देविष्का जोशी शामिल रहीं। सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवशाली उपलब्धि दिलाई। इस सफलता के पीछे कोच संतराम यादव, टीम मैनेजर स्वप्निल चुनेकर एवं मनोरमा शुक्ला का विशेष योगदान रहा।

# 11 से 14 अगस्त तक निकाली जाएगी जिलाव्यापी हर घर तिरंगा व कलश यात्रा

**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा समरसता संकल्प अभियान, गुरु पर्व एवं घर–घर तिरंगा यात्रा के सफल संचालन को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आगामी संगठनात्मक एवं राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।



बैठक में भाजपा कार्यकर्ता।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं पूर्व विधायक डॉ पुण्णमूर्ति बांधी ने कहा कि 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रत्येक मंडल में पांच स्थानों पर गुरु पूजन एवं पूजा–अर्चना का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 11 अगस्त से 14 अगस्त तक घर–घर तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। प्रदेश स्तर से पवित्र कलश प्रत्येक जिले में पहुंचेगा तथा जिले से सभी 11 मंडलों तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, लोरमी जनपद पंचायत अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेंद्र शर्मा, शैलेष पाठक, मानिक सोनवानी, जिला पंचायत सदस्य रजनी मानिक सोनवानी, शीलू साहू एवं लोकनाथ सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने भी संगठनात्मक विषयों पर अपने विचार रखते हुए कार्यकर्ताओं से सामाजिक समरसता, सेवा और राष्ट्रहित के भाव से कार्य करने का आह्वान किया। इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में जिला, मंडल, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फ्लाई ब्रिक्स फैक्ट्री में चोरी करने घुसे दो युवक गिरफ्तार

**पथरिया।** थाना क्षेत्र के ग्राम दलपुरवा स्थित आदित्य फ्लाई ब्रिक्स (ईंट) फैक्ट्री में चोरी की नीयत से घुसे दो युवकों को पथरिया पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।



थाना प्रभारी गिरजा शंकर यादव के अनुसार, रविवार की दरमियानी रात दो बजे युवक चोरी करने की नीयत से आदित्य फ्लाई ब्रिक्स फैक्ट्री परिसर में घुस गए। दोनों फैक्ट्री परिसर में बने मकान की पहली मंजिल तक पहुंच गए, जहां फैक्ट्री संचालक का एक रिश्तेदार सो रहा था। आहट होने पर उसकी नींद खुल गई और उसने एक संदिग्ध युवक को देखकर पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान आरोपी छत से नीचे कूदकर अपने साथी के साथ भागने लगा। शोर सुनकर नीचे सो रहा चौकीदार भी जाग गया। चौकीदार और फैक्ट्री संचालक के रिश्तेदार ने मिलकर एक आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया, जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। घटना की सूचना तत्काल डायल–112 को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास तलाशी अभियान चलाकर कुछ ही देर में फरार आरोपी को भी पकड़ लिया। साथ ही उनके मोटरसायकल को जप्त कर लिया गया है। दोनों आरोपियों को थाना लाकर पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने बिलासपुर से चोरी करने के उद्देश्य से पथरिया आने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी जसवंत दास उर्फ बाला मानिकपुरी (20 वर्ष), निवासी यदुनंदन नगर, तिफरा तथा सुधीर बेलदार (21 वर्ष), निवासी बहतराई, सरकंडा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# मस्तूरी सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव 17 मतों से हो गया पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मस्तूरी



कार्रवाई के दौरान उपस्थित ग्रामीण व जनप्रतिनिधि।

ग्राम पंचायत मस्तूरी की सरपंच सुनीता विनोद सारथी के विरुद्ध उप सरपंच एवं पंचों के द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर सोमवार को ग्राम पंचायत कार्यालय में मतदान हुआ। इस दौरान 17 पंचों ने सरपंच के विपक्ष में एकतरफा मतदान किया और अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया।

ज्ञात हो कि ब्लॉक मुख्यालय स्थित ग्राम पंचायत मस्तूरी सरपंच के विरुद्ध उपसरपंच एवं पंचों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लगाया था जिसके परिप्रेक्ष्य में सोमवार को स्थानीय पंचायत कार्यालय में मतदान कार्यक्रम आयोजित किया गया इस दौरान सरपंच सहित वार्ड क्रमांक 5, 18 एवं 20 के पंच अनुपस्थित रहे। मतगणना में अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में कुल 17 मत प्राप्त हुए। मतदान की पूरी प्रक्रिया मस्तूरी तहसीलदार चांदनी ध्रुव तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में संपन्न हुई। कार्रवाई के दौरान ग्राम पंचायत परिसर में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे तथा पूरे समय समर्थकों में उत्सुकता का माहौल बना रहा। इस बीच अविश्वास प्रस्ताव से संबंधित वैधानिक कार्रवाई पश्चात पीठासीन अधिकारी तहसीलदार चांदनी ध्रुव ने अवश्वास प्रस्ताव पारित होने की घोषणा की बाहर खड़े समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी 17 पंच एवं उनके समर्थक किरारी स्थित भगवान लटेश्वर नाथ में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद मांगने रवाना हो गए। पंचों में प्रमुख रूप से उप सरपंच रुक्मणी सिंह, संजय तिवारी, निक्की मौर्य, अंकित मिश्रा ,कमलेश प्रकाश अवस्थी, पंकज निर्मलकर, पिंकी करियारे, मीना कुर्रे, राजेश्वरी यादव, रेखा मानिकपुरी ,कुलदीप कुर्रे, शोभा सोनी, चित्ररेखा धीरज, नोहर सुमन ,गजेन्द्र रिंकू राठौर सामिल थे। वहीं समर्थकों में जनपद सभापति राजू पंडित, टिंकू सिंह, संजू सोनी,अभय सिंह, रमेश करियारे, देवेंद्र सिंह,दिलीप यादव,राहुल यादव, आशीष सिंह, सौरभ शुक्ला, संतोष मिश्रा,उमेश तिवारी, अमित तिवारी, पकलू राठौर, तथा काफी संख्या में उप सरपंच के समर्थक उपस्थित रहे।

### 30 को लगेगा जिला स्तरीय रोजगार मेला

**मुंगेली।** जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 30 जुलाई को जिला रोजगार कार्यालय परिसर, जिला परियोजना लाइवलीहुड कालेज, ग्राम जमकोर में प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में एसआईएस लिमिटेड द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 200 पदों पर 10वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की भर्ती की जाएगी। वहीं एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस द्वारा 33 पदों पर 10वीं, 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी जिला रोजगार कार्यालय का पंजीयन कार्ड सहित सभी शैक्षणिक दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित हों। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी वेबसाईट एवं ई–रोजगार सीजी ऐप का उपयोग कर सकते हैं।

# ऑनलाइन अटेंडेंस के आधार पर वेतन आहरण के आदेश का व्याख्याता संघ ने किया विरोध

**तखतपुर।** लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा दिए गए जुलाई 2026 से कर्मचारियों एवं शिक्षकों का वेतन केवल ऑनलाइन अटेंडेंस के आधार पर आहरित करने के निर्देश का छत्तीसगढ़ व्याख्याता संघ ने विरोध किया है।



संघ ने प्रदेश अध्यक्ष राकेश शर्मा और प्रवक्ता जितेंद्र शुक्ला ने इसे अव्यावहारिक, तकनीकी रूप से त्रुटिपूर्ण तथा शिक्षकों के हितों के प्रतिकूल बताया है। आदेश में कहा गया है कि जितने दिनों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज होगी, उतने दिनों का ही वेतन भुगतान किया जाएगा। प्रदेश के अनेक विद्यालय दूरस्थ एवं नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में संचालित हैं, जहां इंटरनेट कनेक्टिविटी की समस्या सामान्य है। कई बार सर्वर डाउन, ऐप की तकनीकी खराबी, अथवा लोकेशन संबंधी त्रुटियों के कारण उपस्थिति दर्ज नहीं हो पाती। ऐसी परिस्थितियों में शिक्षकों को वेतन से वंचित करना नियम विपरीत है संघ ने यह भी कहा कि विद्यालयों में शिक्षक पहले से ही शैक्षणिक कार्यों, परीक्षा, मूल्यांकन, पोर्टल एंट्री, विभिन्न सर्वेक्षणों एवं प्रशासनिक दायित्वों के अत्यधिक दबाव में कार्य कर रहे हैं। यदि केवल तकनीकी आधार पर वेतन कटौती की जाएगी तो इससे शिक्षकों का मनोबल प्रभावित होगा तथा शैक्षणिक वातावरण पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। संघ की प्रमुख आपत्तियों में नेटवर्क अथवा सर्वर संबंधी त्रुटि के लिए शिक्षक जिम्मेदार नहीं हो सकते। बायोमेट्रिक या ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली में तकनीकी खामियों की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था का अभाव है।नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित होकर कार्य करने वाले शिक्षकों का वेतन रोकना अथवा काटना श्रम एवं सेवा नियमों के विरुद्ध है।दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों के विद्यालयों में यह व्यवस्था व्यवहारिक नहीं है।विभाग द्वारा पर्याप्त प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहायता उपलब्ध कराए बिना दंडात्मक कार्रवाई उचित नहीं है। संघ की मांग है कि ऑनलाइन उपस्थिति को फिलहाल केवल निगरानी एवं प्रशासनिक सुविधा तक सीमित रखा जाए।वेतन भुगतान को केवल ऑनलाइन अटेंडेंस से न जोड़ा जाए। तकनीकी त्रुटि की स्थिति में ऑफलाइन उपस्थिति पंजी को वैध माना जाए। नेटवर्क एवं सर्वर संबंधी समस्याओं के लिए शिक्षकों को दंडित न किया जाए।

**आम सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती सविता कौशिक उम्र 41 वर्ष पति श्री गौरीशंकर कौशिक, निवासी ग्राम बेलमुण्डी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) आ.नं. 9231 8013 0098 वाली के द्वारा मौजा ग्राम अमेरी, प.ह.नं. 43, रा.नि.मं. सकरी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 91/44 रकबा 0.0146 हे. (1575 वर्गफीट) की भूमि को विक्रेता सुखराम अनंत आयु 67 वर्ष पिता श्री मनोहर अनंत, निवासी गुरू घासीदास नगर, गुप्ता आटा चक्की के पास, जरहाभाठा बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. वाले से क्रय किये जाने का पक्का सौदा किया जाकर बयाना की राशि प्रदान की जा चुकी है। यदि जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था/ निकाय/ बैंक को वर्णित खसरा, रकबा की भूमि के संबंध में कोई भी आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे दिये गये संपर्क नंबर पर अपना दावा मय दस्तावेज सहित किया जा सकेगा, उक्त समयावधि पश्चात किये जाने वाले आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। सो सूचना जाने।
दिनांक 27.07.2026
बिलासपुर (छ.ग.)

**भवदीय**
**(प्रमोद कुमार कश्यप) अधिवक्ता**
**तहसील न्यायालय अधिवक्ता**
**बैठक कक्ष, बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9755061270**
**क्रेता- श्रीमती सविता कौशिक**
**पति श्री गौरीशंकर कौशिक**
**पता ग्राम बेलमुण्डी, सकरी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9752080633, 7987517211**

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार सौरभ सोनी पिता कृष्ण कुमार सोनी निवासी एचआईजी 29, जगन्नाथपुरम राजकिशोर नगर, बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) से अधिकृत होकर तथा उनके निर्देशानुसार यह आम सूचना प्रकाशित करवा रहा हूँ कि मेरे पक्षकार द्वारा मौजा लिंगियाडीह, प.ह.नं. 31, रा.नि.मं. मोपका, स्थित भूमि खसरा नम्बर 198/353 शीट नम्बर 13, प्लाट नम्बर 4/5, रकबा 1975 वर्गफुट को विक्रेता श्रीमती राजलक्ष्मी मिश्रा पति श्री विद्यासागर मिश्रा से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 25.03.2022 के माध्यम से क्रय किया गया है जो कि उपपंजीयक कार्यालय बिलासपुर (छ.ग.) के ग्रंथ क्रमांक 942 पृष्ठ क्रमांक 371 से 395 दस्तावेज क्रमांक 7926 में अंकित है। जिसकी मूल प्रति निकट भविष्य में एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड में बंधक होना है। जिसके पूर्व की रजिस्ट्री पत्र जो कि विक्रेता श्रीमती सुनीता अग्रवाल पति श्री पवन अग्रवाल द्वारा क्रेता मनोज शर्मा पिता श्री जी.एल. शर्मा को विक्रय पत्र दिनांक 10.05.2007 के द्वारा विक्रय किया गया जो कि उपपंजीयक कार्यालय बिलासपुर (छ.ग.) के ग्रंथ क्रमांक 13077 पृष्ठ क्रमांक 37 से 41 द. क्रमांक 1103 में अंकित है। उक्त रजिस्ट्री पत्र की मूल प्रति रख–रखाव के दौरान मेरे पक्षकार से कहीं गुम हो गई है जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट मेरे पक्षकार द्वारा थाना सरकण्डा, बिलासपुर में दिनांक 25.07.2026 को दर्ज करा दी गई है।

अत: उपरोक्त गुम हुए रजिस्ट्री पत्र के संबंध में किसी वित्तीय संस्थान, सरकारी गैर सरकारी बैंक अथवा व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं।

सो सूचना जाने।
दिनांक 27.07.2026

**भवदीय**
**बैकुण्ठ नाथ श्रीवास्तव**
**अधिवक्ता**
**उच्च न्यायालय**
**सुभाष नगर, बिलासपुर (छ.ग.)**
**मोबा.नं. 9907936803**

**न्यायालय नजूल अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./ /अ–6–अ/2025–26
पक्षकार :–पंकज केशव लाल अग्रवाल पिता स्व. केशव लाल अग्रवाल... आवेदक **बनाम** छ.ग. शासन...अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पंकज केशव लाल अग्रवाल पिता स्व. केशव लाल अग्रवाल निवासी घनश्याम होम्स व्यापार विहार बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ. ग. ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला जरहाभाठा प्लाट नं. 14/11, 14/12, 14/13 रकबा 7158, 3500, 3500 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि पर निर्मित व्यवसायिक परिसर महिमा टावर मे निर्मित दुकान नं. 107 रकबा 236.25 व.फु. को आवेदक व्दारा क्रय पश्चात रा.प्र.क्र. 123/अ–6/2008–09 के व्दारा आवेदक के नाम नामांतरण किया गया है। लेकिन उक्त आदेश के पालन मे नजूल अभिलेख दुरूस्त नही किया गया है। अत: आवेदित संपत्ति को नजूल अभिलेख मे आवेदक के नाम पर आनलाईन दर्ज करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 14/8/2026 को न्यायालयीन समय में स्वत: उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचारणीय नही होगा। आज दिनांक 27/7/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल बिलासपुर (छ.ग.)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### गर्म दूध से झुलसे मासूम को डायल 112 ने पहंचुया अस्पताल

**लोरमी।** विकासखण्ड के ग्राम गोरखपुर में कॉलर रमेश गेंदले की पत्नी गर्म दूध गंजी में लेकर जा रही थीं। इसी दौरान अचानक उनके हाथ से गंजी छूट गई, जिससे गर्म दूध उनके 12 वर्षीय पुत्र रूपेश गेंदले के ऊपर गिर गया। घटना में बालक गंभीर रूप से झुलस गया। ग्राम गोरखपुर में पीड़ति की घटना की सूचना डायल 112 मुंगेली को मिलते ही आरक्षक तिजराम यादव चालक गोविंद के साथ तत्काल मौके पर पहुँचे। पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए घायल बालक को डायल-112 वाहन में बैठाकर जिला अस्पताल मुंगेली के लिए रवाना किया। रास्ते में डायल-108 एम्बुलेंस मिलने पर घायल बालक को बेहतर एवं शीघ्र उपचार के लिए विधिवत एम्बुलेंस स्टाफ को हैंडओवर किया गया, जिसके बाद उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया।



### डायल 112 ने घायल को पहुंचाया अस्पताल

**मुंगेली।** सरगांव चौक के पास बाइक सवार युवक अचानक दौरा आने से अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर घायल हो गया। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायल को तत्काल सरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। पुलिस के अनुसार, रविवार दोपहर 12:56 बजे डायल-112 को सूचना मिली कि सल्फा चौक, सरगांव के पास एक युवक सड़क पर घायल अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलते ही डायल-112 टीम तत्काल रवाना हुई और करीब 2 किलोमीटर की दूरी तय कर 12:58 बजे घटनास्थल पर पहुंच गई। घायल युवक ने अपना नाम बसंत पाटले (28 वर्ष) निवासी सेवती, बिल्हा, जिला बिलासपुर बताया। उसने पुलिस को बताया कि वह अपने ससुर के साथ मोटरसाइकिल से बिल्हा से संबलपुर स्थित ससुराल जा रहा था। इसी दौरान अचानक उसे दौरा आने से बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। हादसे में उसके सिर, आंख के ऊपर और पैर में चोटें आईं। डायल-112 टीम ने बिना समय गंवाए घायल को सुरक्षित वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सरगांव पहुंचाया, जहां उसे तत्काल भर्ती कर उपचार शुरू किया गया।



### शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय में विकास कार्यो का लोकार्पण



**बिल्हा।** शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय में प्रवेश मार्ग एवं प्राचार्य कक्ष का जीर्णोद्धार कर लोकार्पण महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सतीश शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर एक वृक्ष मां के नाम का अनुपालन करते हुए सभी के द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष माननीय सतीश शर्मा ने कहा कि जनभागीदारी समिति महाविद्यालय के विकास हेतु सतत प्रयासरत है एवं महाविद्यालय के विकास में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण अधोसंरचना विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। समिति द्वारा महाविद्यालय के लिए वाटर कूलर , कंप्यूटर,प्रिंटर , फर्नीचर स्मार्टबोर्ड, गार्डन हेतु ट्री गार्ड , गमले, माली की व्यवस्था, महाविद्यालय मैदान में जहाँ पानी भरता है उसे ऊँचा उठाने समेत अनेक कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई । कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के सदस्य जिला आर्थिक प्रकोष्ठ के संयोजक बलदेव अग्रवाल, संदीप सलूजा, मनोज माधवानी, शैंकी राजपाल सहित जनभागीदारी समिति के संयोजक डॉ. संजय कुमार अग्रवाल, समिति के महाविद्यालय परिवार के सदस्य, डॉ एम आर आगर, डॉ पी एल पटेल, प्रो शुभा वर्मा, प्रो सरिता बारा , डॉ दिलदार टंडन, डॉ संजय भजनकर, प्रो करुणा गायकवाड,अजय कुंभज ,शत्रुघ्न राजपूत ,महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक गण एवं कर्मचारी गण तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### प्रवीण सिंह ने एयर राइफल में जीता गोल्ड मेडल

**लोरमी।** क्षेत्र ग्राम बोडतरा निवासी एवं हाइकोर्ट के अतिरिक्त महाधिवक्ता ठा. यशवंत सिंह के पुत्र प्रवीण सिंह 15 वर्ष ने माना, रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में प्रवीण सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सब यूथ टीम एवं जूनियर टीम वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने परिजनों को गौरान्वित कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री ने प्रवीण के शानदार सफलता के लिए सम्मानित किए। इनके सफलता के लिए पूर्व विधायक ठा. भूपेंद्र सिंह, जनपद अध्यक्ष वर्षा सिंह,विक्रम सिंह ने हर्ष व्यक्त किया है। प्रवीण ने राज्य स्तरीय शूटिंग 2026: अपनी टीम का नेतृत्व करते हुए 2 स्वर्ण पदक और 1 रजत पदक जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।अब अगस्त में गोरखपुर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य स्तरीय शूटिंग 2025: शूटिंग शुरू करने के एक वर्ष से भी कम समय में रजत पदक जीता तथा डेली कॉलेज, इंदौर में आयोजित सीआईएससीआई शूटिंग चैम्पियनशिप में अपने विद्यालय का सफलतापूर्वक प्रतिनिधित्व किया।



### नगर पालिका में एल्डरमैनों ने ली शपथ

# शहर में नालंदा परिसर लाइब्रेरी, स्वीमिंग पूल और पुष्प वाटिका का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नगर पालिका परिषद के लिए शासन द्वारा मनोनीत एल्डरमैनों ने ली शपथ। डॉ संजय वर्मा, अमितेश आर्य विज्जू, डॉ लेख राम साहू, राजहंस तम्बोली एवं खेमराज मोहले ने केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू एवं डिप्टी सीएम अरूण साव की उपस्थिति में नवनियुक्ति एल्डरमैनों का शपथ ग्रहण समारोह सरदार वल्लभ भाई पटेल सभाभवन, पुराना बस स्टैंड में संपन्न हुआ।




शपथ ग्रहण समारोह में अतिथि।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रलय तोखन साहू तथा उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने की। समारोह में अनुविभागीय दंडाधिकारी एसडीएम रेखा चंद्रा ने सभी नवनियुक्त मनोनीत एल्डरमैनों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन नगर उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा ने दी। दीनानाथ केशरवानी ने उद्बोधन में मुंगेली में हो रही विकास को ऐतिहासिक बताया। श्री मोहले ने सरकार के विकास प्रतिबध्दता का उल्लेख करते हुए शहर विकास हेतु स्वीकृत 80 करोड़ से भी अधिक के विकास कार्यो हेतु उपमुख्यमंत्री को आभार से देते हेतु 4 करोड़ के नवीन कार्यो की स्वीकृति की मांग की। वहीं उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने मुंगेली में चल रहे नालंदा परिसर लाइब्रेरी निर्माण, स्विमिंग पूल निर्माण, पुष्प वाटिका उद्यान निर्माण जैसे कार्यो का जिक्र करते हेतु शहर के सभी विकास कार्यो हेतु दिए स्वीकृति के साथ साथ आने वाले समय में प्राप्त होने वाले सुविधाओं का उल्लेख किया। साथ स्थानीय विधायक श्री मोहले द्वारा की गई मांग की घोषणा करते हुए शहर के विकास में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने देने का आश्वासन दिया। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने केंद्र सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, युवा विकास एवं कल्याण का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छ भारत मिशन से हो रहे शहर और गांव की स्वच्छता और स्वच्छता के प्रति जागरूकता को प्रचारित किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर कुंदन कुमार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ होरी सिंह ठाकुर, तहसीलदार कुणाल पांडे, नगर पालिका उपाध्यक्ष जय प्रकाश मिश्रा, समस्त पार्षदगण, सहायक अभियंता विद्यानंद मधुकर यादव, उप अभियंता नेमीचन्द वर्मा, नगर पालिका परिषद के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी, नगर के वरिष्ठ नागरिक तथा बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

### मल्हार नगर पंचायत में एल्डरमैनों ने ली शपथ



**मल्हार।** नगर पंचायत मल्हार के नवनियुक्त एल्डरमेन का सपथ ग्रहण समारोह सोमवार को मंगल भवन में रखा गया। समारोह में तीनों एल्डरमेन रामनारायण कश्यप, धर्मेंद्र सिंह व रवि कैवर्त को मस्तूरी एसडीएम ने पद एवं गोपनीयता की सपथ दिलाई। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ सरकार गठन के ढाई साल बाद वर्षों से सत्ता एवं संगठन में भागीदारी के लिए नगर के तीन वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं को एल्डरमेन बनाया गया। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष मोहित जायसवाल, पूर्व विधायक डॉ केएम बांधी, नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त, सीएमओ अनुभव सिंह, मछुवा प्रकोष्ठ के धनेश्वर कैवर्त, मण्डल अध्यक्ष रंजीत सिंह, महामंत्री राजकुमार वर्मा, रोहित कश्यप सहित सभी पार्षद व भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## कोटा विधायक ने गोबरी पाट में विभिन्न कार्यों का किया लोकार्पण

**करगीरोड** कोटा। विधायक अटल श्रीवास्तव ने ग्राम पंचायत गोबरीपाट में विधायक निधि से निर्मित यात्री प्रतीक्षालय, हाई स्कूल में नव निर्मित लैब और अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया। उन्होंने निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के तहत छात्राओं को सायकल वितरण किया और छात्रों के हितों को देखते हुए सड़क और शेड निर्माण की भी घोषणा की।

कार्यक्रम में विधायक के साथ कोटा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरुण त्रिवेदी गांव के सरपंच प्रकाश मरकाम जिला महामंत्री जयराज दिक्षित जिला उपाध्यक्ष आदित्य दीक्षित मंडल के अध्यक्ष परमेश्वर मेरी कांग्रेस महामंत्री बाबा सोनी सजू चौहान भास्कर साहू सुनीता निर्गुण धर्मेंद्र देवांगन अली कश्यप राजू सिद्धार्थ संतोष बघेल रंजीत पात्रों प्रकाश जायसवाल फुल चंद्र अग्रहरि बेलगहना व रतनपुर से भी अनेक कार्यकर्ता विधायक जी के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। विधायक प्रवास के दौरान कोटा के वरिष्ठ नागरिक भोला सिंह ठाकुर के निधन पर शोकाकुल परिवार से मिले और शोक व्यक्त किया। कोटा के वार्ड नं. 14 पाल्के परिवार के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल हुए और परिजनों से भेट की। साथ में ब्लॉक अध्यक्ष अरूण त्रिवेदी जिला कांग्रेस कमेंटी के जिला उपाध्यक्ष आदित्य दिक्षित कुलवंत सिंह प्रकाश जायसवाल विशेष गुप्ता संतोष गुप्ता फूलचंद्र अग्रहरि आदि शामिल रहे।

### खरीफ फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 निर्धारित

**मुंगेली।** खरीफ वर्ष–2025 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत बीमा के लिए 31 जुलाई अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। उप संचालक कृषि ने बताया कि किसानों को 02 प्रतिशत प्रीमियम की राशि देना होगा। धान सिंचित के लिए 1320 रूपए, धान असिंचित के लिए 946 रूपए, सोयाबीन के लिए 902 रूपए, अरहर (तुअर) के लिए 770 रूपए, मक्का के लिए 792 रूपए, उड़द एवं मूंग के लिए 484 रूपए, मूंगफली के लिए 924 रूपए, कोदो के लिए 352 रूपए, कुटकी के लिए 374 रूपए एवं रागी के लिए 330 रूपए प्रति हेक्टयर कृषक अंशराशि निर्धारित है।

### 36 वर्षो की रेल सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए राजकुमार




**टेंगनमाड़ा।** भारतीय रेलवे में 36 वर्षों तक सेवा देने वाले राजकुमार बुनकर 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने के उपरांत गार्ड के पद से सेवानिवृत्त हुए। उनके सम्मान में आयोजित विदाई समारोह में रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना की। समारोह में श्री बुनकर ने कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा एवं सुरक्षा का संदेश देते हुए कहा कि प्रत्येक कर्मचारी को पूरे मनोयोग और लगन से कार्य करना चाहिए। उन्होंने गार्ड की ब्रेक वैन को सदैव स्वच्छ रखने, धैर्यपूर्वक कार्य करने, कठिनाइयों से न घबराने तथा रेलवे जैसे संवेदनशील विभाग में हर समय सतर्क रहने की सीख दी। इस अवसर पर रेलवे के गार्ड, स्टेशन प्रबंधक, डीटी साहब तथा बड़ी संख्या में रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राजकुमार बुनकर को भावभीनी विदाई दी।

### 4 माह से टूटी बाउंड्री वॉल, कन्या छात्रावास की सुरक्षा भगवान भरोसे



**मरवाही।** विकासखंड मुख्यालय मरवाही के प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास मरवाही की दीवाल पिछले 4 महीने से टूटी पड़ी है। जंगली हाथियों द्वारा तोड़ी गई इस दीवार की मरम्मत न होना प्रशासन और जिम्मेदार विभाग की गंभीर लापरवाही को दिखाता है। ऐसे में बाउंड्री वॉल न होने के कारण परिसर में आवारा मवेशी और असामाजिक तत्व आसानी से दाखिल हो रहे है जिससे छात्रों की सुरक्षा पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। हैरान करने वाली बात यह है कि यह छात्रावास बीईओं और बीआरसी कार्यालय के ठीक पास स्थित है। इस विषय को लेकर प्रभारी मंडल संयोजक अजीत यादव से फोन पर संपर्क करने का कई बार प्रयास किया गया किन्तु फोन रिसीव नहीं हुआ। विकासखंड शिक्षा अधिकारी मरवाही संजय वर्मा ने कहा कि छात्रावास का रखरखाव और संचालन सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत आता है यह उनकी जिम्मेदारी है।

### सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई



**मुंगेली।** भारत सरकार एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशों के पालन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद द्वारा सोमवार को गोल बाजार में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध विशेष जांच, जप्ती एवं प्रवर्तन अभियान चलाया गया। यह अभियान नगर पालिका द्वारा गठित विशेष जांच दल द्वारा संचालित किया गया। अभियान के दौरान बाजार क्षेत्र की विभिन्न दुकानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग, डिस्पोजेबल प्लेट, कप, गिलास, चम्मच, स्ट्र एवं अन्य सामग्री का उपयोग व विक्रय पाए जाने पर मौके से प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री जप्त की गई तथा नियमानुसार चालानी कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया।

## अग्रवाल समाज महिला मंडल ने की जालान से मुलाकात



**पेण्ड्रा।** अग्रवाल समाज महिला मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका परिषद पेंण्ड्रा के अध्यक्ष राकेश जालान से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य भेंट कर अग्रवाल समाज के नए भवन के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग की।

महिला मंडल की ओर से अध्यक्ष श्वेता राजेश अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल समाज लंबे समय से एक सुव्यवस्थित एवं आधुनिक समाज भवन की आवश्यकता महसूस कर रहा है। समाज भवन बनने से सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक स्थायी स्थान उपलब्ध होगा, जिससे समाज के सभी वर्गों को लाभ मिलेगा। उन्होंने आग्रह किया कि नगर पालिका इस महत्वपूर्ण कार्य को प्राथमिकता देते हुए जल्द से जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ कराने की पहल करे। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद पेण्ड्रा के अध्यक्ष राकेश जालान ने उन्होंने आश्वस्त किया कि भवन निर्माण से संबंधित आवश्यक औपचारिकताओं को शीघ्र पूर्ण कराते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। मुलाकात के दौरान महिला मंडल की ओर से श्वेता अग्रवाल, शालिनी अग्रवाल, श्वेता संजय अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, चांदनी अग्रवाल एवं गुनगुन अग्रवाल उपस्थित रहीं।

### दिव्यांग से दुष्कर्म का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

**लालपुर।** पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में लालपुर पुलिस ने दिव्यांग युवती से दुष्कर्म के सनसनीखेज मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, थाना लालपुर क्षेत्र के एक गांव में 25 जुलाई की दोपहर पीड़िता के माता-पिता खेत में काम करने गए थे। घर पर अकेली मौजूद दाहिने हाथ और दाहिने पैर से दिव्यांग युवती के साथ पड़ोसी सोनू उर्फ जगन बघेल ने जबरन दुष्कर्म किया। माता-पिता के घर लौटने पर पीड़िता ने रोते हुए पूरी घटना बताई, जिसके बाद थाना लालपुर में तत्काल अपराध क्रमांक 119/26 के तहत धारा 64(1), 64(2) भारतीय न्याय संहिता (**BNS**) में मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी माधुरी धिरही के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने पीड़िता का बयान एवं चिकित्सीय परीक्षण कराया, साक्ष्य एकत्र किए और आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दी। मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने ग्राम बेलसरा, जिला बिलासपुर में घेराबंदी कर आरोपी सोनू उर्फ जगन बघेल (27 वर्ष) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर उसे गिरफ्तार कर 27 जुलाई को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।



## अयोध्या में हुई घटना के विरोध में चकरभाटा में जुटी भीड़

**बोदरी।** अयोध्या के श्री राम मंदिर में हुई चोरी की घटना के विरोध और भगवान श्री राम के प्रति अपनी आस्था प्रकट करने के लिए आज रविवार को चकरभाठा में भक्ति का एक अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिला। बिल्हा के पूर्व विधायक सियाराम कौशिक के संयोजन में आयोजित श्रीराम श्रद्धा आस्था यात्रा में बड़ी संख्या में राम भक्त सड़कों पर पैदल चलते नजर आए। यात्रा का शुभारंभ शाम 4 बजे शासकीय स्वास्थ्य केंद्र के सामने स्थित दक्षिण मुखी श्री हनुमान जी के मंदिर से नारियल तोड़कर एवं पूजा- अर्चना और विशेष वैदिक मंत्रोचार के साथ हुआ । जो नगर के मुख्य मार्ग प्रमुख बाजार को होते हुए मुख्य मार्ग में स्थित राम मंदिर के पास नारियल तोड़कर एक सभा के रूप में परिणित हो गया और यात्रा समाप्त हुई। यात्रा में विशेष रूप से महिलाएं सर पर कलश रखी हुई थी जिस पर चंदा चोरी से संबंधित नारे लिखे हुए थे और भजन मंडलियों के राम भजनों ने पूरे वातावरण को सराबोर कर दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कौशिक ने कहा कि केंद्र की सरकार ने भगवान राम को भी नहीं छोड़ा। चोरी करवा के हमारी आस्था के साथ खिलवाड़ किया गया है जिसे जनता कभी माफ नहीं करेगी। इस अवसर पर आत्माराम गिदवानी, दीवान जी,जिला उपाध्यक्ष विमल अग्रवाल, प्रहलाद कश्यप, ब्रजेश शर्मा , ब्रजेश दुबे, मनोज वर्मा, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दिवाकर दुबे, पूर्व उपाध्यक्ष अभिषेक दुबे, राजू दीक्षित,रोहिणी नौबतका , रामायण रजक, गोविंद यादव, बिल्हा पार्षद लाला यादव, बल्लू साहू, संगीता यादव, किरण गोस्वामी,जगन्नाथ ध्रुवंशी, वासु निर्मलकर, खम्मन रात्रे,धनुष मरावी, रूपेंद्र वर्मा, घनश्याम डहरिया, नागेश ध्रुव, वेद रात्रे सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं आम नागरिक श्रद्धालु उपस्थित थे।



# चकरभाठा में वीर सैनिकों का सम्मान, युवाओं ने किया रक्तदान



**चकरभाटा।** श्रीम फाउंडेशन वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में देश की सेवा करने वाले वीर सैनिकों का सम्मान किया गया। इस दौरान स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन भी हुआ जिसमें युवाओं और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के शुभारंभ सत्र के मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार कौशिक, संतोष कौशिक, अजय शर्मा, डॉ जगदीश कुलदीप और सौरभ कौशिक उपस्थित रहे। कृष्ण कुमार कौशिक ने कारगिल के शहीदों को नमन करते हुए कहा कि फौजियों का सम्मान करना पूरे समाज के लिए गौरव की बात है। कारगिल विजय दिवस के इस मौके पर समाज सेवा की अनूठी मिसाल पेश करते हुए 100 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्य अतिथि प्रबल प्रताप जूदेव छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व संतोष कौशिक उपाध्यक्ष भाजपा जिला बिलासपुर उपस्थित हुए। उन्होंने श्रीम फाउंडेशन की इस पहल की सराहना की और रक्त-दाताओं व सम्मानित फौजियों का आभार व्यक्त किया। आभार व्यक्त ईश्वर यादव ने किया। इस मौके पर श्रीम फाउंडेशन के संस्थापक सौरभ कौशिक, सदस्य अखिलेश कौशिक, राहुल कौशिक, नवनीत कौशिक, प्रतीक शर्मा, छोटे वर्मा, बॉबी वर्मा, भुनेश्वर कौशिक, अरुण साहू, तुलसी कौशिक, विकाश श्रीवास, मिंटू पंजवानी, विष्णु साहू, अजय साहू, बालदाऊ धुरी, पवन श्रीवास्तव, राजा कौशिक, नितेश कौशिक, प्रदीप कर्ष, किसन कौशिक, सूरज, योगेश शर्मा, भूषण कौशिक, आलोक कौशिक, रोहन कौशिक, भूपिका साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## पीएमश्री सेजेस में मना कारगिल विजय दिवस




**करगी रोड कोटा।** पीएमश्री सेजेस डीकेपी स्कूल में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कारगिल युद्ध के वीर शहीदों को नमन करने और उनके अदम्य साहस को याद करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पीएमश्री सेजेस स्कूल में कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से भाषण, कविता, निबंध और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सांथ ही एन. सी. सी. कैडेड एवं छात्रों के द्वारा विजय दिवस पर रैली निकालकर नगर भ्रमण किया गया। पीएमश्री सेजेस स्कूल के प्राचार्य सीमा त्रिखा दत्ता ने कारगिल युद्ध के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने विद्यार्थियों के बीच शहीदों के बलिदान और उनके परिवारों के समर्पण पर अपने विचार साझा किए।

## बीआरएसएम कालेज में वीर शहीदों को पुष्पांजलि



**मुंगेली।** बी.आर.एस.एम. कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र मुंगेली में कारगिल विजय दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कारगिल युद्ध के अमर वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही भारत रत्न एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर भी उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान कारगिल युद्ध पर आधारित प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों ने भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य एवं बलिदान को निकटता से जाना। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रभारी अधिष्ठाता डॉ देबाशीष पाधी ने कहा कि कारगिल के वीर सैनिकों का बलिदान प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है तथा युवाओं को राष्ट्रभक्ति, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### नए चकरभाठा सीएसपी जोशी ने चार्ज



**बिलासपुर।** 27 जुलाई को एसएसपी रजनेश सिंह ने सूरजपुर से तबादला में आए डीएसपी राजेश जोशी को चकरभाठा सीएसपी के पद पर पदस्थ किया है। आदेश जारी होने के बाद श्री जोशी ने चकरभाठा सीएसपी का चार्ज ले लिया है।

### नशीले टेबलेट व गांजा सहित युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने नशीले टेबलेट व गांजा सहित एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर को मुखबिर से सूचना मिली कि जूना बिलासपुर पचरीघाट नदी किनारे एक युवक नशीले टेबलेट व गांजा रखकर बिक्री करने के लिए घूम रहा है। उन्होंने स्टाप के साथ मौके पर दबिश देकर पचरीघाट निवासी देवेन्द्र इंगले पिता दीपक इंगले 23 साल को पकड़ लिया। उसके पास से 139 नग प्रतिबंधित टेबलेट, 800 ग्राम गांजा, बिक्री रकम 1000 रुपए व बाइक जब्त किया गया है। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### वीडियो वायरल करने की धमकी, युवती गिरफ्तार

**बिलासपुर।** लड़का बनकर युवती से दोस्ती कर उसकी अश्लील फोटो लेने, फिर उसे वायरल करने की धमकी देकर 10 लाख रुपए की मांग करने वाली युवती को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तारबाहर टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली एक युवती से स्नेहा मोंगरिया नाम की युवती लड़का बनकर मोबाइल में बातचीत कर रही थी। इसी दौरान उसने युवती ने अश्लील फोटो ले ली। उसके बाद उक्त अश्लील फोटो को सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देकर 10 लाख रुपए की मांग की। नहीं देने पर युवती के रिश्तेदार भाई के वाट्सएप में फोटो भेज दी। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 308, 3, 79, 67 ए के तहत आरोपी स्नेहा मोंगरिया को गिरफ्तार कर लिया है।

### आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले दंपती गिरफ्तार

**बिलासपुर।** युवक को आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करने वाले दंपती को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मस्तूरी टीआई कृष्णचंद्र सिदार ने बताया, हिर्री निवासी राहुल साहू पिता रमेश साहू 22 साल का रेलवे केनटिन में नौकरी लगाने के नाम पर माता पिता ने इंद्रकुमार वैष्णव उर्फ भवानी, उसकी पत्नी अंबिका को पैसा दिए थे। नौकरी नहीं लगने पर राहुल पैसा मांगने उनके घर गया तो अंबिका ने धमकी दी बार बार पैसा मांगने आएगा तो बलात्कार के झूठे केस में फंसा देगी। उसके बाद पति पत्नी लगातार उसे प्रताड़ित कर रहे थे। डर में आकर राहुल साहू ने 9 मार्च 2026 को आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने जांच के बाद बीएनएस की धारा 108, 3, 5 के तहत आरोपी लिमतरा निवासी इंद्रकुमार वैष्णव उर्फ भवानी, उसकी पत्नी अम्बका वैष्णव को गिरफ्तार कर लिया है।


स्कूलों में होने के बावजूद, लोकेशन एक से डेढ़ किमी दूर दिखाई दे रहा

हाजिरी नहीं लगाने पर वेतन काटा जाएगा, इससे आक्रोश और मानसिक तनाव

# उपस्थिति दर्ज कराने मोबाइल लेकर घूम रहे शिक्षक , कहीं सर्वर डाउन, कहीं जवाब दे रहा एप

**बिलासपुर।** शिक्षकों की निगरानी और उपस्थिति को डिजिटल बनाने के उद्देश्य से लागू किया गया वीएसके (विद्या समीक्षा केंद्र) ऐप सवालों के घेरे में आ गया है। जिस व्यवस्था को शिक्षा विभाग ने सख्ती के साथ लागू किया और उपस्थिति दर्ज नहीं होने पर वेतन रोकने तक की चेतावनी दे दी, वही व्यवस्था जिले में लड़खड़ाती नजर आ रही है।

स्कूल खुलते ही हजारों शिक्षक उपस्थिति दर्ज कराने के लिए मोबाइल लेकर बैठ जा रहे हैं लेकिन कहीं सर्वर जवाब दे रहा है तो कहीं ऐप ने। कई जगहों पर शिक्षक स्कूल पहुंच गए, लेकिन उनकी मौजूदगी सिस्टम में दर्ज नहीं हो सकी। इससे शिक्षकों में नाराजगी और असमंजस की स्थिति है। रोजाना एप का सर्वर डाउन रहने के कारण हजारों शिक्षक हाजिरी दर्ज नहीं करा पा रहे हैं। इसके अलावा, स्कूलों में उपस्थित होने के बावजूद एप में शिक्षकों का लोकेशन संस्था से एक से डेढ़ किलोमीटर दूर दिखाई दे रहा है, जिससे शिक्षक परेशान हैं। एक तरफ जहां तकनीकी दिक्कतों से शिक्षक जूझ रहे हैं, वहीं लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी नए आदेश ने उनकी चिंता और बढ़ा दी है। विभाग ने चेतावनी दी है कि एप से हाजिरी न लगाने पर शिक्षकों को अनुपस्थित मानकर उनका वेतन काटा जाएगा। इस फरमान से शिक्षकों में आक्रोश और मानसिक तनाव है। शिक्षकों का कहना है कि विभाग का यह आदेश अव्यावहारिक है और छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन है। प्रधान पाठक संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश सिंह बिसेन की याचिका पर हाईकोर्ट ने निजी मोबाइल में वीएसके एप डाउनलोड करने और इसके कारण किसी भी शिक्षक पर कार्रवाई करने पर रोक लगाई है। कमलेश बिसेन के अनुसार, विभाग कोर्ट के आदेश की गलत व्याख्या कर रहा है। अदालत ने स्पष्ट रूप से सभी शिक्षकों को राहत दी है, क्योंकि निजी मोबाइल में सरकारी एप से निजता का हनन और साइबर ठगी का खतरा है। सरकार को इसके लिए अलग से डिवाइस देना चाहिए।




### एप बार-बार हैंग, फेस रिकॉग्निशन भी नहीं

शिक्षकों का आरोप है कि विभाग ने ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर सख्त आदेश तो जारी कर दिया, लेकिन जमीनी स्तर पर जरूरी तकनीकी तैयारियां नहीं की गईं। दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट नेटवर्क की स्थिति पहले से ही कमजोर है। ऐसे में ऑनलाइन उपस्थिति को अनिवार्य बनाना शिक्षकों के लिए नई परेशानी खड़ी कर रहा है। कई शिक्षकों ने बताया कि ऐप बार-बार हैंग हो रहा है। कुछ मामलों में फेस रिकॉग्निशन काम नहीं कर रहा था, जबकि कई शिक्षकों की लोकेशन गलत दिखाती है। नतीजा यह हुआ कि विद्यालय में मौजूद रहने के बावजूद उनकी उपस्थिति दर्ज नहीं हो पा रही है। ज्ञात हो प्रदेश के अधिकांश शिक्षकों ने अपने निजी मोबाइल में निजी डेटा के हैक होने के बाद भी वीएसके एप लोड किया हुआ है, जबकि प्रदेश भर के शिक्षकों की यह मांग है कि वी एस के एप की जगह बायोमेट्रिक ऑनलाइन अटेंडेंस से प्रदेश भर के शिक्षकों की उपस्थिति ली जाए।

### बच्चों की पढ़ाई से ज्यादा एप की चिंता

शिक्षक संगठनों का कहना है कि नए शिक्षा सत्र की शुरुआत में शिक्षकों का ध्यान विद्यार्थियों की पढ़ाई और कक्षाओं की व्यवस्था पर होना चाहिए था, लेकिन अधिकांश समय ऐप की तकनीकी समस्याओं से जूझने में निकल रहा है। इसका असर सीधे तौर पर शैक्षणिक गतिविधियों पर पड़ रहा है। शिक्षक संघ की ओर से कहा गया है कि जब तक वीएसके ऐप पूरी तरह स्थिर और तकनीकी रूप से सक्षम नहीं हो जाता, तब तक मैनुअल उपस्थिति व्यवस्था को जारी रखा जाए। साथ ही तकनीकी कारणों से उपस्थिति दर्ज नहीं होने पर किसी भी शिक्षक के वेतन या सेवा अभिलेख को प्रभावित न किया जाए।

### तकनीकी त्रुटि को पहले दूर किया जाए

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा है की डीपीआई द्वारा वीएसके एप से ऑनलाइन उपस्थिति के आधार पर वेतन आहरण करने एवं कम उपस्थिति पर वेतन काटने का निर्देश पूर्णतः गलत है। अभी पूरे प्रदेश में वीएसके ऐप में तकनीकी त्रुटि के कारण सही उपस्थिति दर्ज नहीं हो रही है, लोकेशन की समस्या है, दूरी बताने की समस्या है, नेटवर्क की समस्या है, इन समस्याओं के कारण शाला प्रारंभ होने के पूर्व पहुंचने वाले शिक्षकों की भी उपस्थिति समय पर दर्ज नहीं हो पा रही है। ऐसी स्थिति में वी एस के एप की तकनीकी त्रुटि को दूर किए बिना और शाला में शिक्षक उपस्थिति पंजी के सत्यापन के बिना शिक्षको के वेतन काटने के फरमान का गलत है।

गुरूनानक चौक में आटो वाले को लाठी से पीटते हुए दौड़ाया, वीडियो वायरल

# शहर में चाकूबाजों व गुण्डे बदमाशों का तांडव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तोरवा क्षेत्र में बीच बवाव करने गए युवक से मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया है। वहीं सरेराह गुण्डे बदमाश तांडव



मचाते हुए आटो वाले का पीछा कर लाठी से मारपीट कर रहे हैं। दोनों वारदात का वीडियो सोशल मीडिया में जोरों से वायरल हो रहा है। दोनों वारादातों ने क्षेत्र की पुलिसिंग की पोल खोलकर रख दी है।

हेमूनगर निवासी अमन सिन्हा पिता कुलदीप सिन्हा ने बताया, 26 जुलाई की रात 10.30 बजे उसके दोस्त अनिल के साथ कुछ लोग मारपीट कर रहे थे। दोस्त के साथ मारपीट करते देख अमन बीच बचाव करने गया तो युवकों ने उसके साथ मारपीट करते हुए चाकू से चेहरे पर हमला कर दिया, जिससे उसके सिर व बांए गाल में चोट आई है। चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। दोस्तों के द्वारा घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। मारपीट व चाकूबाजी का वीडियो सोशल मीडिया में जोरों से वायरल हो रहा है। पुलिस हमलावर चाकूबाजों को नहीं पकड़ पाई है।



आटो चालक की पिटाई करते बदमाश।

### सरेराह आटो चालक को दौड़ाकर लाठी से मारपीट

27 जुलाई को सोशल मीडिया में आटो चालक को दौड़ाकर लाठी से मारपीट कर बाइक से पीछा करने का वीडियो जोरों से वायरल हो रहा है। वीडियो गुरूनानक चौक का बताया जा रहा है। वीडियो में चार पांच युवक लाठी लेकर आटो वाले की पीछा करते हुए नजर आ रहे हैं। क्षेत्र में गुण्डे बदमाश इतने बेखौफ हो गए हैं कि सरेराह लोगों को दौड़ा दौड़ाकर मारपीट कर रहे हैं। पुलिसगुण्डे बदमाशों का सुराग तक नहीं लगा पाई है।

### दो गुटों के बीच चाकूबाजी, 8 युवक गिरफ्तार

पुरानी रंजिश में दो गुटो के बीच मारपीट कर चाकू से हमला किया गया था। जिसमें दो युवक घायल हो गए थे। पुलिस ने 8 हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है। 26 जुलाई की रात 9 बजे सिरगिट्टी कोरमी रोड मैटिक चौक पर पुरानी रंजिश को लेकर नरेन्द्र यादव व सुनील निर्मलकर के बीच नशे में विवाद हो गया। दोनों पक्ष एक दूसरे के साथ गाली गलौज करते हुए हाथा पाई करने लगे। इसी बीच दोनों गुटों ने चाकू निकालकर एक दूसरे पर हमला कर दिया था। जिससे दोनों घायल हो गए थे। पुलिस ने दोनों पक्षों के हमलावर रोशन मण्डावी आर्दशनगर, सोनू मरावी परसदा, सुनील निर्मलकर रूचिका विहार, नरेन्द्र यादव रूचिका विहार, हर्ष फ्रान्सिस आर्दशनगर, एन हरिश भवानी नगर, निखिल मानिकपुरी मैट्रिक चौक, ओमप्रकाश लहरे मैट्रिक चौक निवासी को गिरफ्तार कर लिया है।

### लूट का आरोपी गिरफ्तार

कोतवाली पुलिस के अनुसार, टिकरापारा निवासी देवेन्द्र गुप्ता रेपिडो चालक का काम करते हैं। 26



जुलाई की सुबह 9.30 बजे वे ग्राहक को छोड़कर लौट रहे थे। राहुल गोस्वामी ने रास्ता रोका और चाकू दिखाकर अंकुश यादव के खिलाफ झूठी शिकायत की किए हो कहकर गाली गलौज कर शराब पीने के लिए पैसा मांगा, नहीं देने पर 13 हजार रुपए व आधार कार्ड लूट लिया। रिपोर्ट लिखाने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने देवेन्द्र की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 119, 126, 2, 296, 309, 4, 351, 3 के तहत आरोपी राहुल गोस्वामी को गिरफ्तार कर लिया है।

### सरकण्डा में भी चला चाकू

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बंधवापारा ईमलीभाठा निवासी गोपी रोहिदास शादी का निमंत्रण देने जा रहा था। रास्ते में श्याम सारथी, आशु ने पुरानी रंजिश में गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए पेट पर चाकू से हमला कर दिया है। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### हमलावरों की पतासाजी की जा रही

आटो वाले का पीछा कर मारपीट करने की जानकारी मिली है। पीड़ित पक्ष रिपोर्ट लिखाने नहीं आया है। हेमूनगर में आपसी विवाद पर मारपीट की घटना हुई थी। एक युवक पर कटर से हमला किया गया था। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में पीड़ित रिपोर्ट लिखाने थाने नहीं आया है। हमलावरों की तलाश की जा रही है।

**-गगन कुमार**, प्रशिक्षु आईपीएस सीएसपी

'मक्कार' शब्द ने पकड़ा तूल

# इंजीनियरों ने कलेक्टोरेट निगम का किया घेराव



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निगम की एमआईसी में इंजीनियरों को कथित तौर पर "मक्कार" शब्द का इस्तेमाल किए जाने का विवाद अब तूल पकड़ने लगा है। सोमवार को निगम के चीफ इंजीनियर राजकुमार मिश्रा के नेतृत्व में निगम के इंजीनियरों ने नगर निगम और कलेक्टोरेट का घेराव किया। कलेक्टर, महापौर व नगर निगम आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपकर आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। इंजीनियरों ने इसे पूरे इंजीनियरिंग संवर्ग की गरिमा, ईमानदारी और पेशेवर प्रतिष्ठा पर सीधा आघात बताया।

- एमआईसी मेंबर से सामूहिक माफी मांगने और निगम में रिक्त पदों को जल्द भरने की मांग

ध्यान रहे कि 24 जुलाई को आयोजित एमआईसी की बैठक में सदस्य बंधू मौर्य ने निगम के सभी इंजीनियरों के संदर्भ में "मक्कार" शब्द का प्रयोग करते हुए सामूहिक टिप्पणी की थी। इंजीनियरों का कहना है कि यह केवल कार्यों की समीक्षा या आलोचना नहीं थी, बल्कि पूरे अभियंता वर्ग की सत्यनिष्ठा, कार्यप्रणाली और पेशेवर छवि पर सार्वजनिक सवाल खड़े करने वाली टिप्पणी थी। उनका कहना है कि किसी संवैधानिक और संस्थागत बैठक में इस तरह की भाषा का इस्तेमाल न केवल अनुचित है, बल्कि इससे कर्मचारियों का मनोबल भी प्रभावित होता है। ज्ञापन में इंजीनियरों ने कहा कि उनका काम केवल निर्माण कार्यों की निगरानी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सर्वेक्षण, प्राक्कलन, निविदा प्रक्रिया, निर्माण कार्यों का मापन, गुणवत्ता नियंत्रण, उपयोगिता प्रमाण-पत्र, भवन अनुज्ञा जैसे 20 से अधिक और काम करने पड़ते हैं। इंजीनियरों ने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों के अनुरूप उन्हें बार-बार स्थल निरीक्षण, सर्वेक्षण और प्राक्कलन में संशोधन करना पड़ता है। कई बार भूमि उपलब्धता, सीमांकन, अतिक्रमण, बजट, स्थल परिवर्तन, विभागीय स्वीकृतियों और विभिन्न शाखाओं के समन्वय जैसी व्यावहारिक बाधाओं के कारण परियोजनाओं में विलंब होता है, जिसे अभियंताओं की कार्यशैली से जोड़ना उचित नहीं है।

### ज्ञापन में छह प्रमुख मांगें भी रखी गईं

अभियंताओं ने अपने ज्ञापन में छह प्रमुख मांगें भी रखीं। इनमें एमआईसी बैठक में की गई टिप्पणी का अधिकृत संज्ञान लेने, संबंधित एमआईसी सदस्य से सार्वजनिक रूप से टिप्पणी वापस लेकर पूरे अभियंता संवर्ग से सामूहिक क्षमा-याचना कराने, इस आपत्ति को अगली एमआईसी बैठक के कार्यवृत्त में दर्ज करने, भविष्य में अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सार्वजनिक बैठकों में अपमानजनक टिप्पणियों पर रोक लगाने के लिए स्पष्ट आचार-मानक तय करने, कार्यों की समीक्षा के दौरान अभियंताओं के वास्तविक कार्यभार और उपलब्ध संसाधनों को ध्यान में रखने तथा प्रत्येक जोन और विभाग में रिक्त पदों की समीक्षा कर आवश्यक तकनीकी, लिपिकीय और मैदानी स्टाफ उपलब्ध कराने की मांग शामिल है।

### निगम की व्यवस्थागत कमियों का भी उल्लेख

ज्ञापन में निगम की व्यवस्थागत कमियों का भी उल्लेख किया गया। अभियंताओं ने कहा कि कई जोन और विभागों में लिपिकीय कर्मचारी, कंप्यूटर ऑपरेटर, तकनीकी सहायक, सुपरवाइजर और मैदानी अमले की भारी कमी है। ऐसे में अभियंताओं को तकनीकी कार्यों के साथ-साथ नस्ती तैयार करने, पत्राचार, प्रतिवेदन बनाने, पोर्टल एंट्री और अन्य प्रशासनिक कार्य भी स्वयं करने पड़ते हैं। सीमित संसाधनों और बढ़ते कार्यभार के बावजूद अभियंता लगातार विकास कार्यों और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने में जुटे हैं। ऐसे में पूरे संवर्ग को अपमानित करने वाली टिप्पणी न्यायसंगत नहीं मानी जा सकती।

# गौहत्या निषेध की मांग लेकर नंदीबाबा पहुंचे कलेक्टोरेट

**बिलासपुर।** गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत गौहत्या निषेध को लेकर केंद्रीय गौ मंत्रालय स्थापित करने सहित 30 प्रमुख मांगों को लेकर सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान कामधेनु गौशाला नूर महल लुधियाना से कलेक्टोरेट पहुंचे नंदी महाराज लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अपने चेंबर से बाहर निकलकर नंदीबाबा के समक्ष ज्ञापन स्वीकार किया।

- चेंबर से बाहर निकले कलेक्टर

गोमाता की सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से संचालित गो सम्मान आह्वान अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत साधु-संतों एवं युवाओं का दल सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने कलेक्टोरेट पहुंचा। ज्ञात हो कि बीते छह माह से देशभर के संतों, गौसेवकों एवं



गोभक्तों के नेतृत्व में गो सम्मान आह्वान अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से सम्पूर्ण भारत में गोहत्या-निषेध हेतु केंद्रीय कानून, गोमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान, गोचर भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराना, केंद्रीय गो मंत्रालय की स्थापना, केंद्रीय गो-चारा नीति का निर्माण तथा कृषि, चिकित्सा, पर्यावरण, शिक्षा एवं मानव जीवन से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों को गो-केंद्रित राष्ट्रीय नीति का हिस्सा बनाने सहित 30 से अधिक प्रमुख मांगें सरकार के समक्ष रखी गई हैं। इन मांगों के समर्थन में देशभर में व्यापक जनजागरण एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया है। इसके अंतर्गत कलेक्टर के माध्यम से 3 लाख 98 हजार 534 हस्ताक्षर प्रार्थना स्वरूप भारत सरकार को प्रेषित किया गया। आयोजन की शुरूआत राम मंदिर तिलकनगर से की गई। इसके उपरांत संस्कृत विद्यालय के विद्वानों द्वारा वेद मंत्रों का उच्चारण एवं गौ यज्ञ संपन्न हुआ। गोभक्तों ने झंडे, बैनर, अभियान संदेशों वाले प्लेकार्ड एवं भजन-कीर्तन के साथ शांतिपूर्ण एवं अनुशासित प्रार्थना-यात्रा निकालते हुए सुबह 11 बजे जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। अभियान के प्रथम चरण में 27 अप्रैल 2026 को देश की लगभग 5,000 तहसीलों के माध्यम से 5 करोड़ से अधिक नागरिकों के हस्ताक्षरों सहित प्रार्थना-पत्र राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संबंधित राज्यों के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्रियों को सौंपे गए थे। इन मांगों पर अपेक्षित निर्णय न होने के कारण अभियान के द्वितीय चरण में आज पुनः देशभर के 790 जिलों से 15 करोड़ से अधिक नागरिकों के हस्ताक्षरों सहित अनुस्मारक (रिमाइंडर) प्रार्थना-पत्र सरकार को प्रेषित किए गए।

### किसान को सांप ने काटा, मौत

**बिलासपुर।** खेत में काम करने के दौरान सांप काटने से किसान की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कोटा पुलिस के अनुसार, 27 जुलाई की सुबह ग्राम भरारी निवासी राजकुमार साहू पिता हरीराम साहू 57 साल अपनी पत्नी व बेटे के साथ खेत गए थे। तीनों मेढ़ के घास को काट रहे थे। इसी दौरान जहरीले सांप ने श्री साहू के पैर को काट लिया। उन्हें इलाज के लिए गनियारी अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है।




# आरआई आफिस में रोके जा रहे प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ऑनलाइन डायवर्सन का जिले में हाल-बेहाल है। पक्षकारों से आर्थिक लाभ नहीं मिल पाने की स्थिति में प्रकरण डेढ़ से दो महीने तक लटकाकर रखे जा रहे हैं। ऐसी स्थिति ऑनलाईन डायवर्सन के लिए चालान सहित आवश्यक सारे दस्तावेजों की स्कैनिंग के डेढ़ से दो महीने बाद तक देखी जा रही है। पक्षकार तहसील ऑफिस में आदेश के लिए चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

डायवर्सन के लिए अब पक्षकारों को तहसील व एसडीएम कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, बल्कि यह ऑनलाईन आधार पर किया जाएगा। सरकार के इस निर्णय के बाद जमीन मालिकों में खासा उत्साह देखने को मिला था, लेकिन ऑनलाईन डायवर्सन की जमीनी हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है। ऑनलाईन डायवर्सन के लिए पक्षकारों के द्वारा प्रकरण जमा

- ऑनलाइन डायवर्सन का हाल-बेहाल
- परेशान हो रहे पक्षकार

तो किए जा रहे हैं, लेकिन आरआई शाखा में एक-एक महीने तक प्रकरण रोककर रखा जा रहा है। प्रकरण रोककर रखने की वजह कभी खुद की व्यस्तता तो कभी फाईल ही जमा नहीं होना बताई जा रही है। पंद्रह दिनों में आसानी से हो सकने वाले डायवर्सन के लिए अगर दो-दो महीने का समय लगाया जाए तो यह पक्षकारों के लिए सुविधा के स्थान पर असुविधा और सिरदर्द अधिक साबित हो रही है।

ऑनलाईन डायवर्सन के लिए बी-वन की नकल, भूमि का नक्शा, टीएनसी से भूमि की उपयोगिता, आरआई रिपोर्ट के अलावा शासन को चालान के रूप में जमा की गई रकम की रसीद की कॉपी की जरूरत होती है।

इन सारे दस्तावेजों की पोर्टल में स्कैनिंग की जाती है, जिसके बाद आरआई दस्तावेजों की चेकलिस्ट के साथ प्रकरण हस्ताक्षर हेतु एसडीएम को प्रस्तुत करते हैं। अब एसडीएम को प्रकरण प्रस्तुत करने में ही डेढ़ से दो महीने लगा दिए जाएंगे, तो डायवर्सन का आदेश पंद्रह दिनों में कैसे जारी हो सकेगा?

### पंद्रह दिनों में होना था निराकरण

राजस्व विभाग के अनुसार शासन द्वारा ऑनलाईन डायवर्सन के अंतर्गत पंद्रह दिनों के भीतर डायवर्सन हो जाने की समयसीमा तय की गई है। इसके अंतर्गत सारे दस्तावेजों की स्कैनिंग के बाद पंद्रह दिनों के भीतर या तो दस्तावेजों की कमी, या लोकेशन के आधार पर तय चालान शुल्क में कमी को आधार बताकर प्रकरण निरस्त कर दिया जाएगा, या फिर स्वयमेव डायवर्सन का आदेश जारी हो जाएगा। जबकि ऐसा कुछ हो नहीं रहा है, दो-दो महीने से प्रकरण रोककर रखे जा रहे हैं।

### पक्षकार चर्चा कर सकते हैं

सारे प्रकरणों में तो ऐसी स्थिति नहीं होनी चाहिए। फिर भी अगर किसी पक्षकार को आदेश जारी होने में बेवजह विलंब जैसी बात लगे तो पक्षकार स्वयं आकर बात कर सकते हैं।

**-मनीष कुमार साहू**
एसडीएम बिलासपुर

